
दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761, DAVP 133088/20/02/2020

वर्ष-3, अंक-46
इन्दौर शुक्रवार 9 मई 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

**चाणक्य नीति**

दूसरों की गलतियों से सीखों, अपने ही अनुभव से सीखने को तुम्हारी आयु कम पड़ जाएगी।



चाणक्य

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

# भारतीय वायुसेना ने लाहौर, कराची,इस्लामाबाद में मचाया कोहराम

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के विरुद्ध ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत की सैन्य कार्रवाई की बौखलाहट में पाकिस्तान ने गुरुवार रात जम्मू, पठानकोट और जैसलमेर में ड्रोन, मिसाइलों और युद्धक विमानों से हमला किया जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 और आकाश ने नाकाम कर दिया। यही नहीं पाकिस्तान के चीन निर्मित दो जेएफ-17, अमेरिका निर्मित एफ-16 विमानों और अवाक्स को उनकी ही सीमा में मार गिराया। ये तीनों विमान भारत पर हमला करने के मकसद से आगे बढ़ रहे थे। जैसलमेर और अखनूर में

## पाकिस्तान ने माना भारत ने उसके दो JF-17 गिरा दिया

## पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट भारत ने गिराए

पाकिस्तान के दो पायलट भी भारत की गिरफ्त में आ गए हैं। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलाबारी तेज कर दी है। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, लाहौर, कराची, सियालकोट, बहावलपुर जैसे महत्वपूर्ण शहरों में मिसाइलों और ड्रोन की बौछार की। देर शाम हुए हमलों के बाद सीडीएस के नेतृत्व में तीनों सेनाओं के प्रमुखों की आपात बैठक हुई। समझा जा रहा है कि इस बैठक में पाकिस्तान को उसकी हिमाकत के लिए और तगड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। भारतीय वायुसेना के बाद अब नौसेना भी एक्शन में आ गई है। अरब सागर में तैनात ढ्हस्‍ विक्रांत ने कराची को निशाने पर लेकर भारी तबाही मचानी शुरू कर दी है. नौसेना के हमले से कराची के बंदरगाह समेत शहर में भारी आग लगी हुई है.

### पीएम मोदी ने NSA डोभाल से की मुलाकात

एनएसए डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें ताजा हालात की जानकारी दी। भारत ने चेतावनी दी है कि पाकिस्तान ने अगर टकराव बढ़ाने की कोशिश की तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। शाम को पाकिस्तान के हमले के बाद



धर्मशाला में हो रहा आइपीएल का मैच सुरक्षा के लिहाज से रोक दिया गया। खास बात यह है कि बुधवार रात की तरह ही गुरुवार को भी भारतीय सेना ने अपनी सीमा में रहते हुए पाकिस्तानी ठिकानों को निशाना बनाया है। गुजरात के कच्छ के भुज में पूर्ण ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। वहीं भारत ने पाकिस्तान के तीन फाइटर जेट मार गिराए हैं।

### पाकिस्तानी सेना के आठ ड्रोन मार गिराए

पाकिस्तानी सेना ने गुरुवार रात जम्मू में एकसाथ कई ड्रोन हमले किए। बताया जा रहा है कि पाकिस्तानी सेना ने जम्मू में एयर डिफेंस सिस्टम को तबाह करने के लिए मिसाइलों से यह हमला किया। पहले से ही पूरी तरह सतर्क भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तानी सेना के आठ ड्रोन मार गिराए।

# पाकिस्तान ने जम्मू, राजस्थान और पंजाब पर हमला किया

## सुसाइड ड्रोन्स और मिसाइलें दागीं, टारगेट पर सैन्य ठिकाने

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने लगातार दूसरे दिन गुरुवार रात को ड्रोन और मिसाइल से हमले किए। ये हमले जम्मू-कश्मीर, पंजाब और राजस्थान में किए गए।




पाकिस्तान ने सुसाइड ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिन्हें भारत के S-400 एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम ने नाकाम कर दिया। जम्मू और पठानकोट पर सुसाइड ड्रोन्स से हमला हुआ। पाकिस्तानी ड्रोन्स ने जम्मू एयरपोर्ट और पठानकोट एयरफोर्स स्टेशन को निशाना बनाया, जिसे भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया। पाकिस्तान की तरफ से आरएसपुरा सेक्टर में भारी शेलिंग हो रही है। नियंत्रण रेखा (LoC) के पास कुपवाड़ा और बारामूला में पाकिस्तानी की ओर से भारी फायरिंग हो रही है, जिसका भारतीय सेना जवाब दे रही है। सतवारी, सांबा, आरएस पुरा सेक्टर और अरनिया में 8 मिसाइलें दागीं। इन्हें भी भारतीय स्-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने नाकाम कर दिया।

### इन इलाकों में पूरी तरह ब्लैक आउट

जम्मू-कश्मीरः जम्मू, उधमपुर, किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, श्रीनगर और अनंतनाग, राजस्थानः बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर, पंजाबः चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अमृतसर, होशियारपुर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन, गुजरातः भुज, कच्छ और पाटण



**अमेरिकी सांसद ने पाकिस्तान को चेताया**

## भारत पर जवाबी हमले की सोचना भी मत

**वाशिंगटन।** भारत के ऑपरेशन सिंदूर से पूरे पाकिस्तान में खलबली मच गई है। पाकिस्तान बदला लेने की धमकी दे रहा है। इस बीच अमेरिका के एक सांसद ने पाकिस्तान को चेताया है कि उसे ऐसा सोचना भी नहीं चाहिए। अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने पाकिस्तान आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर को 'तानाशाह' बताया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान भारत की जवाबी कार्रवाई पर कोई पलटवार करने की गलती न करे। मीडिया रिपोर्ट में रो खन्ना ने कहा कि दोनों देशों के पास परमाणु हथियार हैं। सबसे जरूरी चीज इस समय तनाव को कम करना है। पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला में निर्दोष नागरिक मारे गए थे। भारत ने जवाबी कार्रवाई की जो कुछ आतंकवादी नेटवर्कों को समाप्त करने में सहायक रही। अब सबसे जरूरी है कि दोनों देश शांति की राह इख्तेयार करें। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत-पाकिस्तान के बीच इस गंभीर स्थिति को समझने और कूटनीतिक रूप से सुलझाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने विभाजन और हिंदू-मुस्लिमों के बीच धार्मिक विभाजनों को बढ़ावा दिया था। हमें इस क्षेत्र की जटिलताओं को समझते हुए एक ईमानदार मध्यस्थ की भूमिका निभानी चाहिए। खन्ना ने पाकिस्तान आर्मी चीफ मुनीर को तानाशाह बताते हुए कहा कि पाकिस्तान में लोकतंत्र खत्म हो चुका है। उन्होंने कहा कि असीम मुनीर एक तानाशाह हैं जिन्होंने कोई वैध चुनाव तक नहीं होने दिया। उन्होंने इमरान खान को जेल में डाल दिया है। वहां अब कोई ईमानदार आवाज बाकी नहीं बची है। उन्होंने अमेरिका से अपील की कि वह पाकिस्तान पर दबाव बनाए। उन्होंने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान को कर्ज देता हैं।

**पाकिस्तानी गोलीबारी में**

## हरियाणा के लांसनायक शहीद

**पलवल।** भारत की पाकिस्तान पर 'ऑपरेशन सिंदूर' एयर स्ट्राइक के बाद जम्मू कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी गोलीबारी में शहीद हुए हरियाणा के पलवल के लांसनायक को गुरुवार को अंतिम विदाई दी गई। पलवल जिले में स्थित पैतृक गांव गुलाबद में उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। पिता दयाचंद ने शहीद लांसनायक बेटे दिनेश को मुखाग्नि दी। इससे पहले दोपहर 2 बजे उनकी पार्थिव देह दिल्ली से पलवल पहुंची। जहां



अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग जुटे। पिता दयाचंद ने बताया कि दिनेश 2014 में आर्मी में भर्ती हुए थे। इन दिनों वह जम्मू के पुंछ में थे। हाल ही में उनकी लांसनायक के पद पर प्रमोशन हुई थी। शहीद के पिता दयाचंद ने कहा कि हमारा एक बेटा शहीद हुआ है। भारत माता के लिए मेरे 2 बेटे और सेना में हैं। शहीद दिनेश की पत्नी सीमा वकील हैं। उनके एक बेटा और एक बेटी है। उनकी पत्नी सीमा इस वक्त 7 महीने की गर्भवती हैं।

## जैसलमेर–पोकरण में पाकिस्तान का हमला विफल, ड्रोन मार गिराए

**जयपुर/जोधपुर/जैसलमेर।** जैसलमेर में गुरुवार रात पाकिस्तान ने सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से अटैक किया। भारतीय सेना ने हमला विफल कर दिया। पहलगाम हमले के जवाब में भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने गुरुवार रात जैसलमेर-पोकरण में सैन्य ठिकानों पर ड्रोन से हमला किया। भारतीय सेना ने हमले को विफल कर दिया। बाड़मेर-श्रीगंगानगर में रेड अलर्ट जारी किया गया है। लोगों से घरों में रहने की अपील की गई है। बॉर्डर से सटे जिलों में ब्लैक आउट किया गया है। गुरुवार रात जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा की ओर से पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया। जैसलमेर के एयरबेस और मिलिट्री एरिया में यह अटैक किए गए थे।

## भारत-पाकिस्तान एक दूसरे के दुश्मन नहीं, दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है

**लंदन,।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया ने पाकिस्तान की आलोचना की थी। वहीं अमेरिका समेत यूरोप के देशों ने भी भारत को समर्थन दिया। ब्रिटेन और इजराइल ने खुलकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े होने की बात कही। इसी बीच शांति नोबेल प्राइज विजेता मलाला युसुफजई ने कहा कि पाकिस्तान और भारत एक दूसरे के दुश्मन नहीं हैं बल्कि दुश्मन तो आतंकवाद और उग्रवाद है। उन्होंने आतंकी घटनाओं की कड़ी निंदा की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मलाला ने एक साक्षात्कार में कहा कि भारत और पाकिस्तान को मिलकर आतंकवाद और बंटवारे की ताकतों को रोकना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय को दखल देना चाहिए और शांति व बातचीत की वकालत करनी चाहिए। मलाला ने कहा कि वह खुद पाकिस्तान में आतंकवाद का शिकार हो चुकी हैं। 2012 में स्कूल जाते वक्त तालिबान ने उनपर जानलेवा हमला किया था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की जड़ों पर बात की जानी चाहिए। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि कोई पैदा होते ही उग्रवादी या फिर आतंकवादी नहीं होता है। कुछ ऐसी बातें होती होंगी जिसकी वजह से उग्रवादी और आतंकवादी पैदा होते हैं। हमें शांति के रास्ते से उन्हें कमजोर करना होगा। मलाला ने कहा कि जिन लोगों ने आतंकवाद की वजह से अपने परिजनों को खोया है उनको लेकर मैं बहुत दुखी हूं। उन्होंने कहा कि इस खतरनाक समय में पाकिस्तान में सभी मित्रों और परिवार के सदस्यों के बारे में विचार करती हूं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बातचीत को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। बता दें मलाला यूसुफजई को 2014 में शांति के नोबल से सम्मानित किया गया था।

# भारतीय सेना ने पाकिस्तान के पांच फाइटर प्लेन मार गिराए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने पाकिस्तान का एफ-16 विमान मार गिराया है। वहीं देर रात भारत के फाइटर विमानों ने जम्मू से उड़ान भरी। पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में किए गए ड्रोन अटैक के कारण जम्मू-कश्मीर में ब्लैक आउट कर दिया गया है।

कुपवाड़ा में भी सायरन बजने के बाद ब्लैक आउट किए जाने की खबर सामने आई है। हालांकि भारतीय सुरक्षा बलों की ओर से सामने आई जानकारी के अनुसार पाकिस्तान के ड्रोन अटैक को नाकाम कर दिया गया है। दरअसल जम्मू में पाकिस्तान ने कई जगह पर ड्रोन से अटैक करने की कोशिश की है। कुछ स्थानीय लोगों ने पाकिस्तान के इस ड्रोन अटैक के वीडियो बनाए हैं। आसमान में लाल रोशनियां तैरती हुई दिखाई दे रही हैं। जानकारी के मुताबिक पूरी तरह से मुस्तैद भारतीय सेना के एयर डिफेंस सिस्टम ने इस हमले को नाकाम कर दिया है। जम्मू से लेकर पंजाब के अमृतसर हाई अलर्ट पर है। जम्मू में पाकिस्तान ने ड्रोन से अटैक किया है। इसको देखते हुए जम्मू और कुपवाड़ा में पूरी तरह से ब्लैक आउट है। अमृतसर में भी ब्लैक आउट है। पाकिस्तान के ड्रोन अटैक के बाद भारत के फाइटर विमानों ने जम्मू से उड़ान भरी है। इधर पंजाब, राजस्थान के भी सीमाई इलाकों से



भीषण तनातनी की खबर सामने आई है। राजस्थान के जैसलमेर, पंजाब के फिरोजपुर, अमृतसर में ब्लैक आउट की खबर सामने आई है। जानकारी यह भी आ रही है कि पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर ही नहीं,



राजस्थान और पंजाब बॉर्डर पर भी हमला किया है। राजस्थान के जैसलमेर से भी पाकिस्तान के हमले की खबर है।

## संपादकीय

# भारत का पाकिस्तान को तगड़ा जवाब



*जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 भारतीय नागरिकों की मौत हुई थी। घटना के 13 दिन बाद भारतीय सेना ने 13वीं के दिन एयर स्ट्राइक ऑपरेशन सिंदूर करके, 9 आतंकी ठिकानों के ऊपर एयर स्ट्राइक की है। भारतीय सीमा से यह हमले किए गए हैं। पाकिस्तान के बहावलपुर से लेकर पाक अधिकृत कश्मीर के कोटली तक फेले 9 आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने में भारतीय सेना को बड़ी सफलता मिली है। भारतीय सेना की कार्रवाई से पाकिस्तान में भय और अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। भारतीय सेना ने पाक अधिकृत कश्मीर के आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर के तहत लक्ष्य पर निशाना साधकर, मिसाइल से हमले किए हैं। इस हमले से आतंकियों को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। तीनों भारतीय सेनाओं ने मिलकर हमले की रणनीति तैयार की थी। आतंकी ठिकानों पर हमला करने से पहले सेना ने सारी जानकारी एकत्रित की। उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर को मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब 2 बजे अंजाम दिया गया। इसमें आतंकी ठिकानों को भारी नुकसान हुआ है। दो दर्जन से अधिक आतंकियों के मारे जाने की संभावना व्यक्त की गई है। भारतीय सेना ने अभी पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हमला नहीं किया गया है। भारत ने आतंकवादियों को लक्ष्य करके मिसाइल के माध्यम से आतंकी ठिकानों को नष्ट करने की रणनीति अपनाई है। भारत सरकार और भारतीय सेना ने बड़े संयम का परिचय देते हुए यह कार्रवाई की है। आतंकी पाक अधिकृत कश्मीर के मुजफ्फराबाद की एक मस्जिद को ठिकाना बनाये हुए थे। इसमें बड़ी संख्या में आतंकी रह रहे थे। यहीं पर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे थे। पाकिस्तान की सेना ने तीन ठिकानों पर मिसाइल से हमले की पुष्टि की है। लश्कर-ए-तोयबा के ठिकानों पर भारतीय सेना ने प्रमुख रूप से लक्ष्य साधा है। भारत के निशाने पर पंजाब प्रांत का बहावलपुर स्थित जैस-ए-मोहम्मद का ठिकाना भी था। यहां के मदरसे में बड़ी संख्या में आतंकी होने की सूचना भारतीय सेना के पास थी। भारतीय सेना की इस कार्रवाई से पाकिस्तान में दहशत का माहौल बन गया है। पाकिस्तान ने सभी इंटरनेशनल एयरलाइंस और घरेलू हवाई सेवाओं को बंद कर दिया है। पाकिस्तान ने सभी उड़ानों को कराची की ओर मोड़ दिया है। भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध को लेकर विश्व के देशों में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ था। कई देशों की सरकारों के साथ भारत सरकार संपर्क में थी। भारत सरकार और भारतीय सेना पर आम जनता का दबाव था। पहलगाम में हुई घटना के 12 दिन हो चुके थे।*

# पूर्व जन्म का संबंध

कार गांव की तंग पहाड़ी रास्ते से गुजर रही थी। हरे भरे पेड़ों की ठंडी छाया में मौसम सुहावना लग रहा था तिस पर खेतों से मिट्टी की सौंधी खुशबू मनको आनंदित कर रही थी। निशांत अपने सपरिवार वापस शहर की ओर धीरे धीरे कार चलाए जा रहा था। नैसर्गिक सौंदर्य में दूर कहीं कोयल की मीठी आवाज कानों में रस घोल रही थी। मन कर रहा था कहीं खुले में थोड़ी देर बैठ कर आनंद लिया जाए। बस फिर क्या था एक ढाबे के पास कार खड़ी कर दी। बच्चे उछल कल कार के बाहर इधर उधर का नजारा देखने लग पड़े। निशा के चेहरे पर थकान के कोई भाव नहीं थे--बोली निशांत - जी चाहता है यहीं एक घर बना कर बस जाएं। सुंदर ऊंचे पहाड़ आसमां में उड़ते बादलों के गुच्छे,लहर दर लहर बहती पवन ,देवदार के घनें पेड़, कल कल करते बहते नाले ।यहॉं पहाड़ के लोग भी कितने किस्मत वाले हैं जिन्हें भगवान ने जन्नत यहीं पर दे दी है। काश हम भी यहीं पैदा हुए होते ? ढाबे से कुछ खाने का सामान ले कर बच्चों के साथ जमीन पर बैठ कर खानें लग पड़े। तभी एक मरियल सा कुत्ते का बच्चा उन के पास आ कर बैठ गया। निशांत पिल्ले को अपने बूट की नोक से दूर धकेलने लगा था। पता नहीं उस पिल्ले की आंखों में कौन सी मासूमियत थी वह ऐसा नहीं कर पाया। पिल्ला बच्चों के पास आ कर बैठ गया। बच्चों ने उसे खाना खिलाया प्यार किया फिर क्या था बच्चों के साथ पिल्ला भी खेलने लग पड़ा। इतना घुल-मिल गया जैसे इन का पाला पोसा हो। बच्चे एक साथ बोल पड़े -पापा इसे हम नहीं छोड़ेंगे यह हमारे साथ ही चलेगा। निशा ने बच्चों को मनाते हुए कहा--बेटा हम कहीं से और ला कर दे देंगे इसे छोड़िये ,-चलो गाड़ी में बैठो। निशांत के आगे बच्चों का हठ मनाने पर भी जब नहीं बना तो मन ही मन हार गया।अपने बच्चों का पिल्ले के प्रति इतना स्नेह देख कर स्तब्ध रह गया था। वह असमंजस में था आखिर कहॉं से आ टपका यह पिल्ला। बार बार समझाने पर भी बच्चे नहीं माने तो मजबूरन पिल्ले को साथ ही डिग्गी में बिठा कर लाना पड़ा। आज रोबिन पिल्ला नहीं ,बड़ा हो गया था। सुंदर नटखट तेज तर्रार। रेशम से सुनहरे बाल ।गोल गोल आंखें बड़े प्यार से पंजा उठा कर? स्नेह को प्रदर्शित करता। अंदाज में भौंकना बच्चों से उछलना कूदना खिलौनों से खेलना ।रोबिन के बिना घर सूना सूना सा लगता जब कभी वह चैन से सो जाता। निशा रोबिन को हर रोज नहलाती। बच्चे स्कूल से आते जाते देर तक उस के साथ खेलते। शाम को रोबिन भी सैर करने साथ जाया करता। उस के गले में लाल रंग का पट्टा उस में लोहे की चैन बांध रखी थी। कभी चैन बच्चों के हाथ रहती कभी निशा के हाथ। वफादार बन चुका था रोबिन।हर बात सुनता मानता जैसे घर का ही सदस्य हो। सच में रोबिन? हर किसी को बच्चों की तरह ही प्यारा बन गया था। घर में बिल्ली चिड़िया तक नहीं आ सकती थी। अपने बरादरी के कुत्तों से ढेर सारी दुश्मनी थी।देखते ही संगल खींच खींच कर भौंकता। किसी की भी हिम्मत नहीं होती निशांत के घर बिना कहे आ सके। रोबिन का रोबीला चेहरा ही ऐसा था। रोबिन धीरे धीरे सभी रिश्तेदारों,आस पड़ोस के लोगों से परिचित हो गया था। खुला भी छोड़ दें तो भी किसी को काटता नहीं बस अपनी भावनाएं व्यक्त करने को भौंकता। उस की निगाहें हमेशा अपने मालिक ,बच्चों और निशा पर रहती।

समय पर खाना पीना सोना उस की दिनचर्या थी।रात भर जागना घर की निगरानी करना उस का धर्म था।बच्चे जब भी स्कूल से आते उन से लिपटना उछलना कूदना उसे अच्छा लगता था। निशा की हर मन की भावना रोबिन समझ लेता था। बात ऐसे मानता जैसे उस का ही अपना हो। कोई पूर्व जन्म का ही संबंध था। निशांत रोबिन का पुरा ख्याल रखता था। उस के लिए तरह तरह के खिलौने और कपड़े खरीद कर लाता। बीमार पड़ने पर दवाई देता। यहां तक कहीं भी जाता बच्चों के साथ रोबिन भी साथ ही होता। रोबिन हर बात समझता कुछ चाहिये तो वस्त्र खींच कर अपनी इच्छा व्यक्त करता। अब तो रोबिन के



बिना घर में किसी का भी दिल नहीं लगता था। एक दिन निशांत शाम को ऑफिस से घर लौटा मेन गेट के अंदर पहले की तरह कार खड़ी कर के जब बरामदे में आया तो रोबिन नजर नहीं आया। निशांत ने सोचा शायद रोबिन बच्चों के साथ कमरे के अंदर खेल रहा होगा। जब भी निशांत शाम को घर लौटता रोबिन गेट पर पहले से ही खड़ा मिलता था। निशांत हैरान होता था आखिर इसे मेरे आने का पता कैसे चल जाता था। परन्तु आज ऐसा नहीं हुआ।

रोबिन ----!- निशांत ने आवाज दी। निशा बाहर आई उस के चेहरे का रंग उखड़ा हुआ था। बच्चे शांत थे। एक खामोशी सब के चेहरे पर थी। बोली---दोपहर से ही रोबिन लेटा हुआ है न पानी पी रहा है न खाना खा रहा है। पता नहीं इसे क्या हो गया है। इसे किसी डॉक्टर के पास ले चलो। निशांत रोबिन के पास बैठ कर उस के बाल सहलाने लगा। प्यार से पुचकारने लगा- रोबिन सिर्फ अपनी पूंछ ही हिला पाया था।बच्चों की आंखों में आंसू थे ।सच में रोबिन भी रो रहा था। निशांत ने रोबिन को गोद में उठाया और बोला--निशा आप बच्चों का ख्याल रखना में डॉक्टर से चैक अप करवा के ले आता हूँ। दोनों बच्चे दुखी मन से पापा के पीछे पीछे निशा के साथ कार तक आ गये। रोबिन को जैसे ही कार में डाला पल्लवी नेही जोर जोर से रोने लग पड़ी --नहीं पापा हम रोबिन के बिना नहीं रह पाएंगी हम भी साथ चलेंगी। निशा की भी आंखें भर आई थी।बड़े प्यार से बच्चों को समझा कर रोबिन से अलग कर पाई थी। रोबिन सभी की बातें सुन रहा था बोल नहीं सकता था।उस के लिए बच्चों से बिछुड़ना दुखदायी लग रहा था। पर करें क्या? निशांत जी इसे तो बहुत तेज बुखार है।आप चिंता मत कीजिए। हम इसे इंजेक्शन लगा देते हैं। आप को थोड़ी देर रुकना पड़ेगा जब तक बुखार उतर नहीं जाता। रोबिन यहीं रहेगा। डॉक्टर ने धैर्य बंधाते हुए निशांत को कहा फिर अंदर कमरे में इंजेक्शन लगाने की तैयारी करने लग पड़ा। तभी निशांत का फौन बज उठा। निशा पूछ रही - अब क्या हाल है रोबिन का? - आवाज में घबराहट थी।

बुखार तेज है कह रहे इंजेक्शन लगेगा थोड़ी देर के बाद हम आ जाएंगे। निशांत ने इतना कह कर फौन काट दिया था। घर में निशा ने खाना बना रखा था।बच्चों को खाना खाने को कहा तो वह टाल मटोल करने लगे-जब तक रोबिन ठीक हो कर घर नहीं आता हम खाना नहीं खाएंगे मम्मा।बस यही रट बच्चे लगाए हुए थे। उधर निशांत रोबिन को गोद में लिए बेटा था।बार बार उस की पीठ पर हाथ फेर रहा था।मन ही मन जैसे ढांढस बंधाते कह रहा हो सब ठीक हो जाएगा डॉक्टर नें जैसे ही इंजेक्शन लगाया रोबिन छटपटाया। दर्द से--रोने लगा था हूँ--हूँ करने लगा। वह घबरा गया था। डॉक्टर की ओर घूर कर देखे जा रहा था। निशांत ने जकड़ कर रोबिन पकड़ रखा था।इंजेक्शन वाली जगह पर हाथ से धीरे धीरे मसल भी रहा था। अभी एक इंजेक्शन और लगेगा।इसे थोड़ा रिलेक्स होने दो। इतना कह कर डॉक्टर अपने कमरे में चले गये। निशांत ने रोबिन ढिला छोड़ दिया ।रोबिन इधर उधर बाहर जलती बल्ब की रोशनी देख रहा था। अचानक रोबिन के दिमाग में पता नहीं क्या आया। निशांत की तरफ एक शून्य दृष्टि पात किया फिर उछल कर तेज गति से बाहर सड़क की ओर भाग गया। निशांत रोबिन के पीछे दूर तक भागा।परन्तु रोबिन का कोई भी पता न चला। सारी जगह छान मारी रात के अंधेरे मैं रोबिन गायब हो चुका था। डॉक्टर हाथ में लिए इंजेक्शन ले कर जब बाहर आया निशांत और रोबिन को न पा कर सोच में पड़ गया आखिर वो कहॉं गये?तभी निशांत हांफता हुआ डाक्टर के पास पहुँचा। आप का कुत्ता कहॉं चला गया। डॉक्टर ने पूछा। अभी अभी मेरी गोद से उछल कर भाग गया पता नहीं कहॉं चला गया। निशांत ने विस्मय नजरों से कहा। हो सकता है घर भाग गया हो। आप उसे घर में देखें, उसे ले कर आ आओ। दूसरा इंजेक्शन भी जरूरी है। डॉक्टर ने हिदायत देते हुए कहा था।

थक्का मांदा निशांत जैसे घर पहुँचा ।कार की आवाज सुन कर पल्लवी नेही निशा के साथ बाहर गेट तक आ ग?ई।निशांत को अकेला देख पूछने लगी---रोबिन कहॉं है,,! हां !हां !पापा रोबिन--? दोनों बच्चियां पूछने लगी। सारी बात सुना कर निशांत बच्चों के सिर पर हाथ फेर कर दुखी मन से यही कह पाया--बेटा मैंने सोचा रोबिन घर आ गया होगा परन्तु ऐसा नहीं हुआ।पता नहीं बेचारा रात कहॉं होगा कैसा होगा शायद सुबह तक आ जाए। किसी ने भी रात खाना नहीं खाया।पल्लवी और नेही पूरी रात सो नहीं सकी बाहर नजरें गड़ाए देखती रही रोबिन अब आया के अब। कुछ दिनों बाद घर का माहोल सामान्य हुआ।बच्चियां स्कूल जाने लगी।नेहा रोबिन की राह निहारती रहती। उसे लगता जैसे उस से किसी ने मन का सुकून छीन लिया हो। हर रोज रोबिन के बर्तन धो कर खाना डाल कर रखती।मन ही मन पुकारती जैसे कह रही हो रोबिन आ बेटा खा ले। निशांत बच्चों के मन से बड़ी मुश्किल से रोबिन का नाम भुलाने में कामयाब हुआ था। परन्तु न जाने क्यों उन्हें रोबिन फिर भी याद आ ही जाता था। पल भर की उदासी निशांत को दहला के रख देती थी। निशांत को पक्का यकीन हो गया था। रोबिन एक फरिश्ता था जो मुझ से विदा हो कर कहीं लोप हो गया है ।उसका मन मान गया था रोबिन इतने दिन कहॉं बच सकता है शायद कहीं मर गया होगा। एक दिन गेट के बाहर निशांत टहलने को सुबह सुबह निकला एक प्यारा सा छोटा पिल्ला वहीं गेट के पास मिल गया।रोबिन जैसी आंखें रोबिन जैसे बाल। वह टुकर टुकर करता हुआ निशांत की ओर देख कर पैरों में लोटने लगा। निशांत स्तब्ध सा उस पिल्ले को निहारने लगा। अगले क्षण उसे उठा कर अपने घर ले आया।छोटा सा बच्चा कोई? हफ्ते भर का होगा---निशा ओ निशा! निशांत ने आवाज दी। निशा बाहर निशांत के पास आ ग?ई--निशांत के हाथ पिल्ला देख कर पूछ बैठी--यह क्या? हू-ब-हू रोबिन जैसा निशा।आओ इसे पल्लवी नेही को दिखाते हैं। बच्चे भी भाग कर वहीं पहुँच गये थे। पिल्ले को पा कर मन खुशी से झूम उठा था।

पापा पापा रोबिन मिल गया अब इसे हम नहीं जानें देंगे। बच्चे पिल्ले के साथ खेलने लग पड़े थे। निशा निशांत के कंधे पर हाथ रख कर बोली--निशांत मानो रोबिन की आत्मा इस पिल्ले में वापिस लोट हमारे घर आ गई हो। बिल्कुल रोबिन सा लग रहा है। आप यकीन कीजिए रोबिन का पूर्व जन्म का कोई हम से रिश्ता है तभी तो पुनः हमारे पास लौट आया है। दिन प्रति दिन रोबिन बड़ा होने लगा।माहोल पहले की तरह सामान्य हो चला। रोबिन के भौंकने की आवाजें पहले जैसे फिर से घर में गूंजने लगी।जैसे रोबिन मरा नहीं अभी जिंदा है। निशा के मन में बार बार यही प्रश्न उठता। शायद रोबिन से पूर्व जन्म का संबंध था तभी तो लौट के आया फिर से हमारे पास।

**शिव सान्याल**
**ज्वाली कांगड़ा हि.प्र**

# नेताजी की इच्छा

कई दिनों से नेताजी खाली बैठे हैं।खाली बैठे-बैठे लगता है कि भीतर ही भीतर कहीं जंग लगती जा रही है।वे चाहते हैं कि पार्टी की ओर से कोई बढ़िया सा काम मिले तो फिर से उनका नाम चल पड़े।भले ही दो पैसे न मिलें।हार्दिक इच्छा तो यही है कि प्राचीन देव मूर्तियों की तरह सत्ता-सुन्दरी उनकी जांघ पर आकर बैठ जाये पर पार्टी के बड़े पदाधिकारियों को ही खुद की रासलीला से फुरसत नहीं हैं।फिर छोटे नेताओं के बारे में कौन सोचे?चुनावों के टिकिट बांटने तक में खेल कर रहे हैं भले ही पार्टी की जमानत जप्त हो जाये।वो तो पार्टी के सच्चे सिपाही होने के नाते अनुशासन की जंज़ीर से बंधे हैं वरना पिछले तीन साल में तीन बार दल बदल लेते। इधर मौसम की मार, सर्दी भी उफान पर है इसलिए भी किसी पद की गरमाहट जरूरी हो गई है।थोड़ी बहुत ले भी लें तो घंटे दो घंटे से ज़्यादा असर नहीं होता।अब सार्वजनिक जीवन में हैं तो चौबीस घंटे तो ले नहीं सकते।जनता से जुड़े हैं तो जनता के बीच रहना पड़ता है।अच्छा हो कि पार्टी संगठन में किसी पद पर बिठा दे तो कार्यकर्ताओं में भी उनके भी पद कमल चल निकलें।चार लोगों के बीच इज्ज़त आबरू बची रहे।नहीं तो बैठा बनिया क्या करे, बांट पसेरी तौल।अब तो उसका भी ज़माना नहीं रहा।इलेक्ट्रानिक कांटे जो आ गये हैं।तराजू पकड़ने या बांट उठाने -हटाने का झंझट ही खतम।अब बताओ विकास हुआ कि नहीं? बिना जाति या धरम के भेदभाव के।सबका साथ सबका विकास।विकास नहीं हो पा रहा तो बस केवल नेताजी का। ज़माना बदलता जा रहा है।जनतंत्र की खुशफहमियों पर नजर डालते हैं तो कलेजा मुंह को आ जाता है।ज़बान खोलने-उठाने में दर्द होने लगता है।ज़िन्दगी बीत जाती हैं फर्श उठाने -बिछाने में और चुनाव में पता पड़ता है कि टिकिट दूसरे दल से आने वाला ले उड़ा।अब पार्टी में भी पहले जैसे ज़बान के पक्के लोग नहीं रहे।पहले आखिरी दम तक अपनी बात पर टिके रहते थे।अब तो दस लोगों को टिकिट का झांसा दे देकर सारे काम करा लेते हैं और टाइम आने पर अगूंठा दिखा देते हैं।टिकिट ग्यारहवां ले जाता है।ससुरे फिर कहते हैं सर्वे में तुम्हारा नाम ही नहीं है।जैसे पहले सब कुछ सर्वे से होता हो।फिर कहते हैं भीतरघात हो रहा है।सर्वे वालों ने नहीं बताया कि फलां के नाम पर भीतरघात होगा? ऐसी बातों को सोच सोचकर नेताजी का जी खराब होने लगता है।अब तो कुछ दिनों से राजनीति से ही जी उकताने लगा है।बेकार पन्द्रह साल खराब किये पैसा अलग बरबाद हुआ।क्या मिला सिवाय आश्वासन के?इससे तो कपड़े की दुकान ही अच्छी थी।कुछ कमाते खाते इसमें तो रोज़ जेब कट रही है।आज ये आया तो इसके बैनर-पोस्टर ,कल वो आया फिर उसके बैनर-पोस्टर। चुनाव में अभी दो साल हैं।इच्छा हुई सो बैठे-बैठे इस्तीफा लिख डाला।सोचा कोई मनाने आ जायेगा तो खुलकर बात कर लेंगे या फिर दो साल पार्टी के खर्चों से तो बचेंगे।चुनाव के समय तो ससुरे बुलायेंगे ही।

**डॉ महेन्द्र अग्रवाल**
**सदर बाजार शिवपुरी म.प्र**

## व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....व्यवसाय....व्यापार....

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 411.97 अंक करीब 0.51 फीसदी की गिरावट के साथ ही 80,334.81 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 140.60 अंक तकरीबन 0.58 फीसदी नीचे आकर 24,273.80 अंकों पर बंद हुआ। वहीं गत दिवस बाजार हल्की बढ़त पर बंद हुआ था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 4 कंपनियों के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं 26 कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। इसी तरह निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 5 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ हरे निशान में बंद हुए और बाकी की सभी 45 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ लाल निशान में बंद हुए। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल एक्सिस बैंक के




शेयर सबसे ज्यादा 0.70 फीसदी ऊपर आये और एटरनल (जोमेटो) के शेयर सबसे ज्यादा 3.14 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी के शेयरों में बड़ी गिरावट आई है। सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 2.85 फीसदी , मारुति सुजुकी 2.04 फीसदी , बजाज फाइनेंस 1.86 फीसदी , टाटा स्टील 1.81 फीसदी , भारती एयरटेल 1.58 फीसदी , एशियन पेंट्स 1.49 फीसदी , बजाज फिनसर्व 1.48 फीसदी , पावरग्रिड 1.09 फीसदी , भारतीय स्टेट बैंक 0.95 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.94 फीसदी , इंडसइंड बैंक 0.94फीसदी , सनफार्मा 0.85 फीसदी , एनटीपीसी 0.72 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.62 फीसदी , हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.62 फीसदी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर 0.60 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। इसके अलावा लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, आईटीसी, अल्ट्राटेक इमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टेक महिंद्रा के शेयर भी गिरावट पर बंद हुए। वहीं टाइटन और एचसीएल के शेयरों के अलावा एचसीएल टेक 0.67 फीसदी और कोटक महिंद्रा बैंक 0.33 फीसदी व टाटा मोटर्स के शेयरों इससे पहले आज सुबह बाजार थोड़ी बहुत बढ़त के साथ खुला। टाटा मोटर्स और बैंकिंग शेयरों में बढ़त से बाजार को बल मिला।सेंसेक्स की तरह ही निफ्टी-50 भी मजबूती के साथ शुरु हुआ।

हालांकि, इंडेक्स में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है।यह 31.05 अंक की कमजोरी के साथ 24,383.35 अंक पर कारोबार कर रहा था। पिछले सत्र में सेंसेक्स 105.71 अंक बढ़कर 80,746.78 पर और एनएसई निफ्टी 34.80 अंक बढ़कर 24,414.40 पर बंद हुआ था। वहीं एशियाई बाजारों में चीन का सीएसआई 300 0.16 प्रतिशत ऊपर था जबकि शंघाई 0.01 प्रतिशत नीचे था। हांगकांग का हैंग सेंग 0.45 प्रतिशत नीचे और जापान का निक्केई 0.07 प्रतिशत ऊपर जबकि ऑस्ट्रेलिया का एएसएक्स 200 0.12 प्रतिशत ऊपर था।




# शाकाहारी थाली 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई

**नई दिल्ली ।** देश की जनता के लिए अच्छी खबर है। एक नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2025 में एक सामान्य शाकाहारी थाली की कीमत 4 फीसदी घटकर सिर्फ 26.3 रुपए रह गई है। इस गिरावट की वजह सब्जियों के दामों में तेज गिरावट है, जैसे कि टमाटर 34, आलू 11 और प्याज 6 फीसदी तक सस्ते हो गए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि नॉन-वेज थाली की कीमत भी 4 फीसदी घटकर 53.9 रुपए रह गई है। इसमें सब्जियों के साथ-साथ पोल्ट्री की कीमतों में भी गिरावट है, जो बर्ड फ्लू की वजह से मांग कम होने और आपूर्ति बढ़ने के कारण हुआ है। ?रिपोर्ट में यह भी बताया गया है ?कि अगले 2-3 महीनों में गेहूं, दाल, और खाद्य तेल की कीमतों में और नरमी की संभावना बताई है, जिससे थाली की कीमत और भी कम हो सकती है। इस तरह की कीमतों में गिरावट से भारतीय जनता को बड़ी राहत मिली है, और आने वाले महीनों में खाने की लागत में और भी कमी की जाने की संभावना है।

# टीवीएस इलेक्ट्रिक बाइक सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में

**नई दिल्ली ।** दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस अब इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल सेगमेंट में कदम रखने की तैयारी में है। कंपनी की आगामी इलेक्ट्रिक बाइक को लेकर कई अहम जानकारियां मिली हैं।

टीवीएस की यह नई परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड इलेक्ट्रिक बाइक ट्रैक पर 200 किमी प्रति घंटा की स्पीड तक पहुंचने की क्षमता रखती है। बीते साल टीवीएस रेसिंग ई-ओएमसी चैंपियनशिप में इसका सफल परीक्षण भी हो चुका है। इस बाइक में मिड-माउंटेड एयर-कूल्ड मोटर का उपयोग किया गया है, जो बेल्ट ड्राइव सिस्टम के जरिए रियर व्हील तक पावर पहुंचाती है। डिजाइन में कई गियर्स का उपयोग किया गया है, जिससे पावर और टॉर्क को बेहतर बनाया जा सकता



है। बाइक में डुअल बैटरी पैक दिया गया है जो फ्रेम के दोनों तरफ फिट किया गया है, जिससे गुरुत्वाकर्षण केंद्र निचला बना रहता है और राइडिंग बैलेंस बेहतर होता है। हालांकि, बैटरी पैक फिक्स्ड हैं और इन्हें स्वैप नहीं किया जा सकता, जो कुछ ग्राहकों के लिए एक सीमित विकल्प हो सकता है। बाइक के डिजाइन से यह स्पष्ट है कि यह एक पूरी तरह फेयर्ड प्रीमियम मोटरसाइकिल होगी। इसमें सिंगल-साइडेड स्विंगआर्म, ऑफसेट मोनोशॉक सस्पेंशन और फ्रंट में यूएसडी फोर्क्स जैसे हाई-एंड फीचर्स हो सकते हैं। टीवीएस अपने अपाचे और बीएमडब्ल्यू 310 सीसी मॉडल्स के अनुभव का लाभ उठाकर इस बाइक को परफॉर्मेंस बाइक के रूप में पेश कर सकती है। बता दें कि इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बाजार में पहले ही आईक्यूब स्कूटर के जरिए 25 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर चुकी है।

## मिशन सिंदूर' की सफलता पर अटल द्वार पर मना जश्न, गूंजे राष्ट्रवादी नारे



इंदौर। देश की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध भारतीय सेना ने एक बार फिर अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मिशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर सटीक और निर्णायक प्रहार किया। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 5 स्थित अटल द्वार पर भाजपा युवा नेता युवराज सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक राष्ट्रवादी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में पाकिस्तान के खिलाफ विरोध दर्ज करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए गए और प्रतीकात्मक रूप से पाकिस्तान का झंडा सड़क पर लगाकर आक्रोश प्रकट किया गया। इस मौके पर युवराज सिंह राजपूत ने कहा, आज का भारत अब चुप बैठने वाला नहीं है। कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, महिला मोर्चा की प्रतिनिधियाँ, युवा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

विशेष रूप से वार्ड 44 के पार्षद श्री रुपेश देवलिया, मंडल अध्यक्ष श्री रवि तोमर, भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह चौहान, जितेन्द्र सिंह सिसौदिया, अजीत कुशवाहा, मंडल महामंत्री सत्येन्द्र सिंह चौहान, देवेश जाजोरिया, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती बुलबुल वर्मा, श्रीमती किरण भदाले, श्रीमती विमला भंडारी, श्रीमती गीता राजपूत, राकेश टकले, उदय सिंह पंवार, शिवम् धोलपुरे, सतीश देवलिया, यशपाल ठाकुर, आनंद वर्मा, राहुल भाटी, जीवन अग्रवाल और विवेक चौहान उपस्थित रहे।

## बहुउद्देशीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित



इन्दौर। बहुद्देशीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शासकीय सांदीपनि अहिल्याश्रम कन्या उमावि क्र. 2 में आयोजित किया गया जिसमें मास्टर ट्रेनर उमा तिवारी और दीपिका बागोरा ने छात्राओं को आकर्षक वस्तुएं बनाने का प्रशिक्षण दिया।

उन्होंने विवाह पत्रिकाओं से गिफ्ट, लिफाफे एवं थ्रेड टेरा कोटा कांच का उपयोग कर उसे आकर्षक बनाकर शो केस में रखने लायक बनाना सिखाया। योगा प्रशिक्षक धर्मेन्द्र सोनी ने योग की विभिन्न मुद्राओं सहित योगाभ्यास करवाया। शिविर में प्रशिक्षक अशोक यादव और रजत धारवा ने भी कई जानकारियां दी।

## संस्था आनंद ने कराया 11 बेटियों का सामूहिक विवाह



इन्दौर। 11 लड़कियों को अपनी बेटी मानते हुए सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन संस्था आनंद द्वारा किया गया जिसमें इन 11 बेटियों ने परिणय सूत्र में बंधकर अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की।

संस्था संचालक पलक आनंद नरवरिया ने बताया, विवाह समारोह के लिए विशेष रूप से शहर की सुप्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट उन्नति सिंह एवं उनकी टीम ने इन 11 कन्याओं का मेकअप किया। संस्था के वरिष्ठ सदस्यों ने दीप प्रज्जलन कर समारोह का शुभारंभ कर इन 11 जोड़ों को अपनी बेटी मानकर उनके जीवन में सुख, समृद्धि और दीर्घायु की ईश्वर से प्रार्थना की है। पलक आनंद के अनुसार समारोह में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपना सहयोग दिया।

### मेयर इन कौंसिल की बैठक संपन्न

# आपदा प्रबंधन से लेकर आवास योजना और वेस्ट मैनेजमेंट तक लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

इंदौर। नगर निगम इंदौर की मेयर इन कौंसिल (एमआईसी) की बैठक दिनांक 08 मई 2025 को निगम मुख्यालय स्थित महापौर सभाकक्ष में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आयुक्त शिवम वर्मा, महापौर परिषद सदस्यगण एवं समस्त अपर आयुक्त तथा विभाग प्रमुख उपस्थित रहे।



बैठक की शुरुआत में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सेनाध्यक्ष को साधुवाद ज्ञापित किया गया। साथ ही इंदौर शहर में आयोजित ब्लैकआउट मॉकड्रिल की सफलता हेतु नागरिकों को धन्यवाद भी दिया गया। महापौर भार्गव ने प्राकृतिक आपदाओं – जैसे भूकंप, बाढ़, आग, युद्ध आदि – से निपटने के लिए नगर निगम में एक आपदा प्रबंधन सेल के गठन की घोषणा की। इसके अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में 8-10 आपदा मित्र नियुक्त किए जाएंगे जिन्हें जिला प्रशासन, निगम एवं पुलिस के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। बैठक में इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई ,साथ ही आवश्यक संसाधनों को खरीदने को लेकर भी चर्चा की गई

शहर के डिवाइडर, ग्रीन बेल्ट और उद्यानों के बेहतर रखरखाव और विकास के लिए इन्हें सामाजिक संस्थाओं और संगठनों को गोद देने की योजना पर चर्चा की गई। महापौर ने कहा कि इससे शहर के सौंदर्यीकरण को गति मिलेगी। शहर में रेहड़ी-पटरी व ठेला व्यापारियों की स्थिति स्पष्ट करने हेतु विस्तृत सर्वेक्षण, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं परिचय पत्र जारी करने पर सहमति बनी। उनके स्थायी डाटाबेस के निर्माण की भी दिशा तय की गई।इसके लिए एजेंसी तय की गई जो तय सीमा में नगर निगम को सर्वे कर जानकारी देगी. प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत ग्राम सिंधोडा में 1000 से अधिक आवासों के निर्माण हेतु डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने को सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इस संबंध में विभाग द्वारा एक प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। यशवंत सागर की जलप्रदाय क्षमता बढ़ाने से प्रभावित डूब क्षेत्र के कृषकों को मुआवजा देने पर भी सहमति प्रदान की गई।

विद्यार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं रैगपिकर्स को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन रियायती मासिक पास की सुविधा हेतु खर्च की प्रतिपूर्ति का निर्णय लिया गया। महापौर ने घोषणा की कि वेस्ट मैनेजमेंट को नेक्स्ट लेवल पर ले जाते हुए 3 आर (रिड्यूस, रियूज़, रीसायकल) नवाचार के तहत पीपीपी मॉडल पर कचरे से एकत्रित कपड़ों का पुनः उपयोग किया जाएगा। इस योजना को भी सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई है। अरावली परिसर और दुधिया देवगुराडिया स्थित शिवालिक परिसर में निर्मित दुकानों को स्वामित्व अधिकार पर अंतरित किए जाने के संबंध में भी सहमति प्रदान की गई।

## पेट्रोल-डीजल के दाम में जल्दी हो सकती है कटौती

इंदौर। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट देखी जा रही है, जिससे भारत को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में राहत मिलने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार यदि यह ट्रेंड बरकरार रहता है तो चालू वित्त वर्ष में सरकार को कच्चे तेल और एलएनजी) के आयात पर कुल 1.8 लाख करोड़ तक की बचत हो सकती है।




आईसीआरए का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2025-26 में कच्चे तेल की औसत कीमतें 60 से 70 डॉलर प्रति बैरल के बीच रह सकती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 60.23 डॉलर प्रति बैरल तक गिर गई, जो पिछले चार वर्षों में सबसे निचला स्तर है। भारत अपनी 85 फीसदी से अधिक कच्चे तेल की जरूरतें आयात से पूरी करता है और 2024-25 में इस पर लगभग 242.4 अरब डॉलर खर्च किए गए थे। एलएनजी की मांग का करीब आधा हिस्सा देश में ही पूरा हो जाता है, फिर भी 2024-25 में इसके आयात पर 15.2 अरब डॉलर खर्च किए गए।

वैश्विक स्तर पर आपूर्ति बढ़ने की उम्मीद और मांग में अनिश्चितता के कारण इसकी कीमतों में भी नरमी आ सकती है। हालांकि पेट्रोल-डीजल के दाम गिरने की संभावना है लेकिन इसका लाभ आम जनता तक कितना पहुंचेगा, यह अभी तय नहीं है।

## बगैर अनुमति के आयोजन करने पर लगाया गया प्रतिबंध

इन्दौर। इंदौर नगर मेट्रोपॉलिटन की सीमा में कानून व्यवस्था को कायम रखने/जन सामान्य के हित/जानमाल एवं लोक शांति को बनाये रखने हेतु इन्दौर नगरीय सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। इस संबंध में पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक संहिता की धारा 163 के तहत आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार इंदौर नगरीय सीमा में कोई भी धार्मिक संस्था/राजनैतिक संगठन / अन्य समूह जैसे वेतन भोगी, शासकीय कर्मचारी आदि संगठन जब तक किसी आयोजन की विधिवत् सक्षम अधिकारी से अनुमति प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक उस आयोजन को करना प्रतिबंधित किया गया है। सभी प्रकार के जुलूस, धरना प्रदर्शन, धार्मिक आयोजन, विवाह आयोजन, जन्म दिवस आयोजन आदि में किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र अथवा विस्फोटक सामग्री का उपयोग व रखरखाव किया जाना भी प्रतिबंधित होगा। ऐसे जनसमूह जो एकत्रित होकर सार्वजनिक स्थानों पर यातायात बाधित कर आवागमन प्रभावित कर कानून व्यवस्था एवं लोक शांति भंग करते हैं, प्रतिबंधित होंगे। किसी भवन, सार्वजनिक स्थान एवं निजी स्थान पर एवं ऐसी किसी भी वस्तु जिससे किसी जन सामान्य को खतरा महसूस हो एवं आपतिजनक हथियार, अस्त्र-शस्त्र, विस्फोटक सामग्री का संधारण प्रतिबंधित होगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। उक्त आदेश 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा।

## समर कैंप में बच्चों ने दिखाया हुनर, डांस प्रतियोगिता में ऋषि राजपूत अव्वल

पीथमपुर। मई माह की गर्मी में जहां बच्चे स्कूलों की छुट्टियों का आनंद ले रहे हैं, वहीं विभिन्न विद्यालयों और सामाजिक संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे समर कैंप में बच्चे अपनी प्रतिभा निखारने में जुटे हैं।

हाउसिंग बोर्ड स्थित वैष्णव स्कूल में इन दिनों चल रहे समर कैंप के तहत डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस आयोजन में कई प्रतिभाशाली बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी, लेकिन सबका ध्यान आकर्षित किया ऋषि राजपूत ने, जिन्होंने अपने मनमोहक नृत्य से न सिर्फ निर्णायकों को प्रभावित किया बल्कि दर्शकों की भी खूब तालियां बटोरीं। ऋषि ने इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया और बच्चों को कला, संस्कृति और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों को अहम बताया गया। विद्यालय संचालक प्रशांत वैष्णव और समर कैंप कोऑर्डिनेटर ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के अलावा उनकी छिपी प्रतिभाओं को मंच देना है, जिससे वे आत्मनिर्भर और व्यक्तित्व संपन्न बन सकें।

## विपक्षी दल और मीडिया की भूमिका एक समान

### स्टेट प्रेस क्लब ने किया प्रदेश कांग्रेस के नवनियुक्त प्रवक्ताओं का स्वागत

इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने संवाद कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त नौ प्रवक्ताओं का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने हाल ही में इंदौर के नौ कांग्रेस नेता सर्वश्री संतोष गौतम, राजेश चौकसे, अमित चौरसिया, आनंद जैन कासलीवाल, प्रमोद द्विवेदी, हर्ष जैन कीमती, हिमानी सिंह, मृणाल पंत और निलाभ शुक्ला को प्रवक्ता का दायित्व सौंपा है। स्वागत के प्रत्युत्तर में प्रवक्ताओं ने कहा कि विपक्षी दल और मीडिया की भूमिका लगभग समान है। दोनों सरकार और समाज की विषमताओं को सामने लाते हैं। उन्होंने कहा कि 2018 में जब मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई तब प्रवक्ताओं ने राज्य सरकार की अनेक योजनाओं की सच्चाई उजागर की थी। आज फिर मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार और बदहाली का दौर है। सभी प्रवक्ता मिलकर जनहित के मुद्दे उठाएंगे और 2028 में फिर से कांग्रेस की सरकार बनायेंगे। प्रवक्ताओं ने बताया कि मध्यप्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग की कार्यप्रणाली में व्यापक परिवर्तन किया है। सभी प्रवक्ताओं को एक-एक जिले का प्रभार सौंपा गया है। प्रतिदिन सम-सामयिक मुद्दों पर मुकेश नायक और अभय तिवारी के नेतृत्व में जूम मीटिंग के माध्यम से प्रचार-प्रसार के मुद्दे तय किए जाते हैं। प्रारम्भ में प्रवक्ताओं का स्वागत प्रवीण खारीवाल, मनोहर लिम्बोदिया, कमल कस्तूरी, सोनाली यादव, शीतल राय, रचना जौहरी, मीना राणा शाह, राजेन्द्र कोपरगांवकर एवं संजय मेहता ने किया। अंत में आकाश चौकसे ने आभार व्यक्त किया।



# फसलों पर पेंटेड बग का आतंक : साउथ ईस्टर्न अफ्रीका से मध्य प्रदेश आई आफत

इंदौर। खेती करना अब किसानों के लिए भी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है, अत्याधुनिक खेती के साथ नए-नए कीट भी नई समस्याओं को जन्म दे रहे हैं। और अगर समय से इन कीटों की पहचान किसान नहीं कर पाता, तो फिर पूरी फसल ही तबाह हो जाती है। फसलों पर आतंक के ताजा मामले में पेंटेड बग का नाम सामने आया है। ये खतरनाक कीट दक्षिण पूर्वी अफ्रीका से आया है और इससे बचाव करना बेहद जरूरी है।

गर्मियों के मौसम में मक्का, बरबटी आदि फसलों में कहीं-कहीं एक कीट का प्रकोप देखने को मिल रहा है, जो इन फसलों की पत्तियों के पूरे रस को चूस ले रहे है। इसके कुछ दिनों बाद ही इनके पौधे सूखने लगते हैं। बरबटी की फसल में तो ये पत्तियों के साथ-साथ उनके फलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति बताते हैं कि इस कीट को पेंटेड बग कीट के नाम से जाना जाता है, जो कई फसलों के लिए खतरनाक होता है। ये बहुत नुकसान पहुंचाने वाला होता है।

### क्या होता है ये पेंटेड बग कीट?

इस पेंटेड बग कीट को लेकर कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीके प्रजापति कहते हैं कि इस कीट का ओरिजिन प्लेस साउथ ईस्टर्न अफ्रीका है, और वहां से श्रीलंका, भारत, म्यांमार, ईस्ट अफ्रीकन देशों में इसका प्रसार प्रसार हुआ है। ये कीट पत्तियों की सतह पर, पत्तियों की निचली सतह पर या भूमि पर एक समूह में अंडे देते हैं, और समूह में अंडों की संख्या लगभग 100 तक हो सकती है। अगर पेंटेड बग कीट के जीवन चक्र की बात करें तो 19 से लेकर के 54 दिनों का इसका जीवन काल होता है।

### पेंटेड बग है एक रस चूसक कीट

कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि पेंटेड बग कीट एक रस चूसक कीट है। ये फली के दाने का रस चूसते हैं, पत्तियों का रस चूसते हैं। जैसे वर्तमान में कई जगहों पर बरबटी की फसल में देखने को मिल रहा है, दाने हैं वो सिकुड़ जाएंगे उनकी गुणवत्ता प्रभावित होगी उसका रंग बदल जाएगा या फसल पूरी तरह खराब हो जाती है। कृषि वैज्ञानिक आगे कहते हैं कि ये मुख्य रूप से फसलों में 70 प्रतिशत तक उत्पादन को प्रभावित कर सकता है, अगर ये बीज अंकुरण की अवस्था में है तब और अगर पेंटेड बग कीट फल बनने की अवस्था में है तो लगभग 30 प्रतिशत तक पौधे को नुकसान पहुंचा सकता है।

### किस तरह के फसलों को करता है प्रभावित

कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर बीके प्रजापति बताते हैं कि पेंटेड बग कीट मुख्य रूप से सरसों की फसल में लगने वाला कीट है, और ये कॉफी, फूल गोभी, पत्ता गोभी जैसे सब्जियों की फसल में भी लगता है। लेकिन जलवायु परिवर्तन के चलते अब अन्य फसलों में भी इसका असर देखने को मिल रहा है, जैसे दलहनी की फसलें, वर्तमान में बरबटी की फसल, ऐसी फसलों पर भी इसका प्रभाव देखने को मिल रहा है।

### पेंटेड बग से कैसे बचाव करें

कृषि वैज्ञानिक बताते हैं कि पेंटेड बग कीट से निजात पाने के लिए किसान को समय से फसलों का उपचार करना चाहिए, पहले तो इसकी समय से पहचान करें।

अगर जैविक तरीके से नियंत्रण करना चाहते हैं तो 50 एम एल नीम तेल प्रति टंकी के हिसाब से फसलों पर छिड़काव करें। प्राकृतिक खेती करते हैं और उस तरह से इसका नियंत्रण करना चाहते हैं तो निमास्त्र बना लें और 100 लीटर पानी में 10 लीटर निमास्त्र मिलाकर लगभग आधे एकड़ खेत में छिड़काव कर सकते हैं। इसके अलावा अगर रासायनिक तरीके से इसको नियंत्रित करना चाहते हैं तो जो रासायनिक कीटनाशक होते हैं, जैसे फिनॉल फॉस उसकी 45 एमएल मात्रा प्रति टंकी में मिलाकर के छिड़काव कर सकते हैं।

इसी प्रकार से रासायनिक दवा में ही डाई मैथुएट जो कीटनाशक होता है, एक टंकी में इसकी 7 से 8 एमएल मात्रा मिलाकर छिड़काव करेंगे तो पेंटेड बग कीट का नियंत्रण होगा, कोशिश करें की रासायनिक दवा छिड़काव से पहले अपने जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र में कीट को दिखाकर दवा की जानकारी ले लें।

# जिला शिक्षा अधिकारी ने गूगल मीट और वीसी के माध्यम से ली बीईओ, बीआरसी एवं संकुल प्रचार्यो की बैठक






**खरगोन।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस के कानूडे ने 08 मई को गूगल मीट एवं वीसी के माध्यम से जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों एवं संकुल प्राचार्य की बैठक लेकर शिक्षा संबंधी कार्यों, गतिविधियों एवं योजनाओं की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला स्तर से छात्रवृत्ति के फेल खातों को अपडेट करने, छात्रवृत्ति स्वीकृत करने, इको क्लब अंतर्गत प्रत्येक स्कूल का रजिस्ट्रेशन करने, यू डाइस पोर्टल पर गेस्ट टीचर की एंट्री करने व गेस्ट टीचर का सत्यापन करने, शिक्षकों की पेंडिंग बिल्स व क्लेम का भुगतान समय सीमा में करने, पेंशन प्रकरणों का निराकरण करने एवं समय पर वेतन भुगतान करने के निर्देश दिए । इस दौरान अतिशेष शिक्षकों की जानकारी तत्काल भेजने, शौचालय विहीन शालाओं की जानकारी भेजने एवं जीर्ण शीर्ण स्कूल भवन, टॉयलेट रूम जिन्हें ध्वस्त करना है की सूची तत्काल भेजने के निर्देश दिये गये। एमपी टॉस छात्रवृत्ति स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बहुत से प्राचार्य गूगल मीट में अनुपस्थित थे उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को दिए गए हैं । जो प्राचार्य वीसी में भी अनुपस्थित थे उनका परीक्षण कर वेतन काटने के निर्देश दिए गए और 3 दिन में सभी पेंडिंग कार्य कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए है । बैठक में स्थापना प्रभारियों एवं लेखापालों को कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण, एरियर, वेतन पारित करवाने, अर्जित अवकाश का नियमानुसार भुगतान करने,वेतन वृद्धि लगाने, गेस्ट टीचर्स की यू-डाईस पोर्टल पर एंट्री करने व सत्यापन करने, क्रमोन्नति के प्रस्ताव भेजने, अतिशेष शिक्षकों की जानकारी एवं रिक्त पदों की पूर्ति के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए।



## सिविल डिफेंस को लेकर कसरावद में अधिकारियों और उद्यमियों की प्रशिक्षण कार्यशाला

**खरगोन।** शासन निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में 08 मई को सिविल डिफेंस को लेकर कसरावद में एसडीएम श्री सत्येन्द्र बैरवा की अध्यक्षता में अधिकारियों और उद्यमियों की प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक श्री धनंजय शुक्ला, मंडलेश्वर एसडीओपी, तहसीलदार, होमगार्ड के डिप्टी कमांडेंट, शहरी विकास अभिकरण के सहायक परियोजना अधिकारी श्री उमेश जोशी एवं औद्योगिक क्षेत्र की इकाइयों के प्रतिनिधि व उद्यमी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बताया गया कि औद्योगिक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की आपदा होने पर औद्योगिक इकाइयां अपने यहां सुरक्षा के आवश्यक उपकरण व चिकित्सा संबंधी व्यवस्थाएं तैयार रखें और कर्मचारियों को इस संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दें । अपने उद्योग में संभावित दुर्घटनाओं के संबंध में मॉक ड्रिल भी समय-समय पर करते रहे एवं इसकी सूचना प्रशासन व स्थानीय पुलिस थाने को भी देते रहें। जिससे आपदा की स्थिति से निपटने में प्रशासन और आमजन का सहयोग मिलेगा।

## मातमूर में औद्योगिक भूखंड आवंटन के संबंध में महेश्वर में हुई बैठक

**खरगोन।** जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र खरगोन द्वारा जनपद पंचायत सभागृह महेश्वर में 08 मई को नवीन विकसित औद्योगिक क्षेत्र मातमूर में औद्योगिक भूखंडो के आवंटन के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया।



इसमें महाप्रबंधक श्री धनंजय शुक्ला द्वारा भूखंडो के ऑनलाइन आवेदन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी उद्योगपतियों, व्यापारियों, जनप्रतिनिधियों को प्रदान की गई । कार्यशाला में लगभग 100 व्यक्तियों ने भाग लिया और भूखंडो के आवंटन की प्रक्रिया को समझा और नवीन उद्योग स्थापित करने की इच्छा जताई।

## नगर निगम के प्रयासों से बदल रही कटनी की तस्वीर

**कटनी** । शहर की दीवारों पर उकेरे जा रहे चित्र अब जागरूकता संदेशों देने के साथ बोलेंगे कि कैसे अपने शहर को सुंदर बनाएं और सहयोग दें। कटनी को साफ-सुथरा शहर बनाने के लिए प्रतिबद्ध महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए इस नवाचार के तहत शहर स्थित ओवर ब्रिज के पिलर और दीवारों का सौंदर्यीकरण का अभियान शुरू किया गया हैं। इस कार्य की शुरुवात जगन्नाथ चौक से बारगवां तक निर्मित ओवर ब्रिज के पिलरों एवं दीवारों पर आकर्षक प्रेरणादायक चित्रकारी से शुरू कर की गई है। उक्त कार्य महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की पहल पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से कराया जा रहा है। कटनी नगर को सुंदर नगर बनाने हेतु प्रयासरत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए इस नवाचार के तहत स्थल पर उकेरी जा रही है।

## अवैध होर्डिंग्स एवं फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध होगी कार्यवाही

### यातायात एवं परिवहन समिति ने की अनुशंसा

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार अनुसार यातायात परिवहन समिति की बैठक यातायात प्रभारी श्रीमती सपना त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अवैध होर्डिंग्स एवं फुटपाथों पर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा समिति द्वारा की गई। आयोजित बैठक में समिति द्वारा अनुशंसा की गई कि यातायात सुविधा के दृष्टिगत बिना अनुमति के विद्युत पोल, सार्वजनिक व अन्य स्थानों पर लगे अवैध होर्डिंग, बैनर, पोस्टर आदि के विरूद्ध अभियान चलाया जाकर उन्हे हटाया जाये साथ ही संबंधित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाये। इसके अलावा सड़क किनारे फुटपाथों पर हो रहे अवैध पक्के अतिक्रमण को हटाने की सख्ती से कार्यवाही किये जाने की अनुशंसा के साथ ही शहर में आधुनिक सर्व सुविधा युक्त कर बस स्टैंड बनाने की भी अनुशंसा बैठक में की गई। आयोजित बैठक में यातायात एवं परिवहन समिति प्रभारी श्रीमती सपना त्रिपाठी के अलावा समिति सदस्य योगेश पापटवाल, श्रीमती आयुषी सांखला, श्रीमती देवश्री पुरोहित, श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती केसरबाई भानीगामा, समिति सचिव कैलाश गहलोत, राजस्व प्रभारी राजेंद्र सिंह पवार आदि उपस्थित थे।




## लग्न से पहले दुल्हन ने ली जल गंगा संवर्धन की शपथ

**खरगोन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद खरगोन जिले के विकासखंड भीकनगांव के सेक्टर 04 के ग्राम कोदला जागीर में गंगा जल संवर्धन अभियान अन्तर्गत जल बचाव को लेकर लग्न से पहले दुल्हन ने ली जल गंगा संवर्धन की शपथ दिलाई ओर दूल्हन ने घर आए मेहमानों के साथ संकल्प लिया कि जल संरक्षण और जलस्त्रोतों को स्वच्छ बनाएंगे, अन्य लोगों को भी प्रेरित करेंगे विकासखंड समन्वयक कालू सिंह मंडलोई ने बताया कि 30 मार्च सें 30 जून तक चलने वाले अभियान में जल को सहेजने ओर साफ-स्वच्छ निर्मल जल बहे यह सन्देश ग्रामीणों को दिया जा रहा है ओर नवीन जल संग्रहण की प्रकिया की जा रही है इस अवसार पर कार्यक्रम में परामर्शदाता अर्पित जायसवाल भागीरथ मुजाल्दे, मुकेश राठौड़, रीना चौहान, संजय पीछोडिया, नवांकुर संस्था की अध्यक्ष सुनीता चौहान सहित सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## राजस्वश अधिकारी शासकीय देव स्थानों की जमीन का सर्वे कर, सूची प्रस्तुति करें

**नीमच।** जिले के सभी राजस्वव अधिकारी रास्तां विवाद से संबंधित सभी प्रकरणों का मौके पर निराकरण कर, रास्तेर खुलवाएं। रास्तों पर अतिक्रमण के प्रकरणों का निराकरण कर मौके पर रास्ताभ उपलब्धए करवाएं। यह कार्य 31 मई के पहले कर लिया जाए। यह निर्देश कलेक्टिर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टारेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी राजस्वर अधिकारियों को राजस्वं प्रकरणों के निराकरण की तहसीलवार समीक्षा करते हुए दिए। बैठक में एडीएम श्रीमती लक्ष्मील गामड, संयुक्तग कलेक्टसर डॉ.ममता खेडे, श्री राजेश शाह, सभी एसडीएम, डिप्टीर कलेक्टजर श्री चंद्र सिह धार्वे, श्रीमती किरण आंजना, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तरव, सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टिर ने राजस्व। अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सभी शासकीय, देव स्था,नों की जमीनों को संरक्षित करने के लिए देव स्था नों की जमीनों का सर्वे करवाकर, रिर्पोट प्रस्तुंत करें। जिसमें देव स्था,न का नाम, गांव, देव स्थान के नाम किस गांव में कितनी



जमीन है, उन पर यदि अतिक्रमण है, तो उसकी जानकारी एवं पुजारी नियुक्तक है अथ्वा नहीं। इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में कलेक्टेर कार्यालय को उपलब्ध् करवाएं।

कलेक्टरर ने राजस्वं अधिकारियों को उनके क्षेत्र में दर्ज वक्फइ संपत्तियों का मौका सत्योपन कर, निर्धारित प्रारूप में रिर्पोट प्रस्तुकत करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टंर ने शासकीय जमीनों के संरक्षण को सर्वोच्चट प्राथमिकता देने के निर्देश देते हुए कहा, कि सभी राजस्वन अधिकारी शामिलात खाते दर्ज शासकीय जमीनों के नक्क्षाक तरमीम का कार्य सर्वोच्चत प्राथमिकता से पूर्ण करवाएं। उन्होने सीमांकन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा एवं विवादित नामांतरण बंटवारा के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करवाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टतर ने खसरा ई-केवायसी कार्य की प्रगति की तहसीलवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए, कि प्रत्येक पटवारी को प्रतिमाह 200-200 शेष ई-केवायसी करने का लक्येट प्रदान कर प्रति सप्ताह एसडीएम एवं तहसीलदार ईकेवायसी कार्य की प्रगति की समीक्षा करें और लक्ष्यव के अनुरूप ईकेवायसी कार्य करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टटर ने आरसीएसएम में दर्ज राजस्व् प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करते हुए आदेशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। उन्होयने सभी राजस्वं अधिकारियों को राजस्वन विभाग की सीएम हेल्परलाईन शिकायतों का तत्पयरतापूर्वक निराकरण करवाने के निर्देश दिए।

# ग्राम दुदलाई में विवाद पर प्रशासन की पहल - आपसी सहमति से सुलझा मामला





सोनकच्छ–

दिनांक 02.05.2025 को थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुदलाई में बारात के जुलूस के दौरान ग्राम सरपंच व कुछ ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। तत्काल पुलिस द्वारा दोनों पक्षों को मौके पर सुनते हुए आवश्यक शांति व्यवस्था सुनिश्चित की गई तथा दोनों पक्षों के विरुद्ध विधिसंगत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना के पश्चात कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा गांव का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया जा रहा था। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए दिनांक 07.05.2025 को एसडीएम सुश्री प्रियंका मिमरोट,तहसीलदार श्री संजय गर्ग,एसडीओपी (पुलिस) सोनकच्छ श्रीमती दीपा मांडवे तथा थाना प्रभारी सोनकच्छ श्री दीपक सिंह यादव द्वारा ग्राम दुदलाई का भ्रमण कर दोनों पक्षों व ग्रामीणजनों से संवाद किया गया। सभी को समझाइश देकर आपसी सहमति बनाई गई। बैठक में तय किया गया कि ग्राम स्थित मंदिर में पूर्व की भांति किसी भी व्यक्ति का प्रवेश निषेध नहीं है तथा किसी की बारात अथवा धार्मिक कार्यक्रमों में कोई बाधा नहीं डाली जाएगी। मंदिर में प्रवेश केवल मर्यादानुसार ङ्क बिना नशा,बिना जूते-चप्पल के किया जाएगा। ग्राम सरपंच श्री सालगराम मालवीय एवं पूर्व सरपंच श्री गब्बर नागर ने भी स्पष्ट किया कि गांव में सदैव भाईचारा रहा है और रहेगा। मामूली विवाद को आपसी सहमति व प्रशासन की मध्यस्थता से सुलझा लिया गया है। सोशल मीडिया पर भ्रम फैलाने वालों के बारे में ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे लोग अपने निजी स्वार्थ हेतु माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं, जिनकी बातों में कोई विश्वास न किया जाए। प्रशासन की ओर से स्पष्ट चेतावनी दी जाती है कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से गांव की शांति भंग करने का प्रयास करता है या आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।




## एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट वी प्रक्रिया को वर्कशॉप सम्पन्न

धार। म.प्र. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 अंतर्गत नवीन औद्योगिक क्षेत्र ग्राम जेतपुरा धार में एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट वी प्रक्रिया को वर्कशॉप म.प्र. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार व्दारा गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाग्रह में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यकम में महाप्रबंधक शैलेन्द्र सिंह चौहान व्दारा नवीन औद्योगिक क्षेत्र जेतपुरा में आवंटन हेतु उपलब्ध भूखण्डों की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की गई। उवत्त कार्यकम में ऑनलाईन आवेदन किये जाने की प्रक्रिया हेतु मुख्यालय से पधारे अभिषेक यादव सहायक प्रबंधक व्दारा ऑन लाईन प्रकिया की जानकारी प्रदान की गई । साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार से प्रबंधक नवीन शुक्ला व्दारा म.प्र. भूमि तथा भवन आवंटन एवं प्रबंधन नियम 2025 के नियमों की जानकारी प्रदाय की गई।

## मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी की जायज मांगो के लिए चर्चा की



धार ! मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संगठन जिला शाखा धार का प्रतिनिधिमंडल आज दिनांक 8 मई 2025 को सहायक आयुक्त जनजाति विभाग धार श्री नरोत्तम सिंह बरकड़े से कर्मचारी की जायज मांगो के लिए चर्चा की 1 जिसमें 2007 से 2016 तक के 275 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी जो कि स्थायीकरण स्थाई कमी बनाने की मांग इसी प्रकार अंश कालीन कर्मचारियों को स्थाई या दैनिक वेतन बनाया जाए,कर्मचारियों को योग्यता के आधार पर उच्च पद का लाभ दिया जाए स्थाई कर्मचारी को नियमित किया जाए एवम् कर्मचारी को नियमित प्रति माह वेतन की मांग समय मान वेतनमान आदि पर चर्चा की1 सहायक आयुक्त ने पत्र का अवलोकन करते हुए कर्मचारी संघ को आस्वस्त किया है कि आपकी जायज मांगो का निराकरण किए जाने की पूरी कोशिश करेंगे श्रीमान जी हमारे धार जिले में कर्मचारी वर्ग काफी समय से अपनी समस्याओं के दिए मायूस हे श्रीमान जी समस्या को निराकरण में सहयोग प्रदान करें संघ प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन सचिव डी डी बैरागी जिला कार्यवाहक हीरालाल जी उपाध्याय, जिला संगठन मंत्री बाबूलाल जी चौहान, जिला उपाध्यक्ष नारायण जी दायमा कर्मचारी नेता श्री कैलाश जी बघेल ,अंतिम शुक्ला ,संतोष जी वास्केल, छगन सिंह बघेल, भीम सिंह निगवाल, महेश उपाध्याय आदि कर्मचारी साथियों की उपस्थिति में चर्चा की गई। उक्त जानकारी मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ प्रदेश संगठन सचिव जिला अध्यक्ष धार डी डी बैरागी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी।

### किंडर हाय स्कूल की छात्रा अलीना खान ,इशरा खान 10 बोर्ड परीक्षा में प्रथम रही





बाकानेर -किंडर हाय स्कूल देवासकीछात्राओं अलीना खान पिता इकबाल खान मां शबनम खान 10 बोर्ड मै 84 परसेंट और इशरा खान पिता असलम खान मां अजरा खान10 बोर्ड मै 74,4 परसेंट अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया बिना कोचिंग,ट्यूशन के लाजवाब परसेंटेज के साथ 10 वि बोर्ड परीक्षा पास कर पाप मम्मी,दादा दादी नाना नानी फूपी,बड़े अब्बा अम्मी का स्कूल संस्था अपने शहर देवास का नाम रो शान किया।

### कलेक्टर श्री मिश्रा की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला सम्पन्न



धार,। जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की महती आवश्यकता है और यह कार्य जन सहयोग और अंतर्विभागीय समन्वय से ही संभव है । जिले में विकसित भारत की संकल्पना के अनुरूप हर घर जल पहुंचाने की योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे प्रत्येक घर में जल की सहज उपलब्धता होगी । उक्त उदगार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा द्वारा जल जीवन मिशन द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में व्यक्त किए। कलेक्टर ने सभी विभागों को उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में महाप्रबंधक जल जीवन मिशन जेपी गनोते द्वारा तकनीकी प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रबंधक मानवेंद्र सिंह द्वारा मान डैम समूह जल परियोजना का प्रस्तुतिकरण दिया गया । उन्मुखीकरण कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक चौधरी, जिले के सभी एसडीएम एवम् जिलाधिकारी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत जेपी गनोते, प्रबंधक श्री सिरसैया ,मानवेंद्र सिंह और धरती फाउंडेशन के महेश भाई प्रजापत द्वारा किया गया ।

### इंटीग्रेटिड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन एवं मॉक ड्रिल किया

धार। आयोग के दिशा-निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में स्थानीय चुनावों को पेपरलेस बनाने की दिशा में धार जिले के ई-दक्ष केन्द्र, जनपद पंचायत धार में इंटीग्रेटिड पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम का सफल प्रदर्शन एवं मॉक ड्रिल किया गया। इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी जगदीश मेहरा और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को नवीन मतदान प्रणाली की कार्यप्रणाली की जानकारी देना था। इस सिस्टम के तहत मनदान प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल किया गया है। इसमें मतदाता पहचान, ई.वी.एम. संचालन, मनदान कर्मियों का प्रबन्धन और अन्य प्रक्रियाएं एकीकृत की गई है। प्रदर्शन के दौरान मास्टर ट्रेनर्स सुभाष कामदार, आशीष शर्मा द्वारा मतदाता सूची का सॉफ्टवेयर पर सत्यापन व तकनीकी जानकारी और प्रतीक यादव, ई-गवर्नेस, धार द्वारा बूथ पर प्रपत्रों के संधारण की जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स अनूप मण्डलोई ने ईवीएम से वोटिंग प्रक्रिया को विस्तार से समझाया।

### विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण,

## निर्माण कार्य खराब स्थिति में होने पर कलेक्टर ने लगाई फटकार



शाजापुर, निप्र। जिले के शुजालपुर में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों का कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने निरीक्षण किया। उन्हौने निर्माणाधीन सिविल अस्पताल शुजालपुर का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को समयसीमा में कार्य पूर्ण करने, पार्किंग स्थल, गार्डन बनाने सहित सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने शुजालपुर के लक्ष्मीबाई पार्क का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पार्क में लाईट लगवाने, ओपन जिम की मशीनों को गुणवत्तापूर्ण खरीदकर लगवाने सहित अन्य आवश्यक निर्देश नगरपालिका के अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने नगरपालिका द्वारा बनाए गए अव्यवस्थित पार्क की टीम बनाकर जाँच कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर सुश्री बाफना ने जटाशंकर महादेव मंदिर स्थित जमधड़ नदी पर बन रहे घाट निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर ने घाट निर्माण एवं नगरपालिका शुजालपुर के सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त कर जमकर फटकार लगाई। उन्हौने लोक निर्माण विभाग से घाट का मूल्यांकन कराने के निर्देश दिये। उन्हौने मॉ शारदा सीएम राईज विद्यालय शुजालपुर में प्राचार्य कक्ष, संगीत कक्ष, नृत्य कक्ष, भोजन शाला, केजी-1, केजी-2 व अन्य कक्षाओं, बीआरसी भवन आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि संबंधित ऐजेंसी के माध्यम से अधूरे निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र-अतिशीघ्र पूर्ण कराएं एवं आगामी जुलाई से विद्यालय में कक्षाएं प्रारंभ करने की तैयारी करें। इस दौरान उन्होंने बीआरसी भवन को डिस्मेंटल कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने शुजालपुर में निर्माणाधीन लॉ कॉलेज का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पीआईयू के ईई को गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने, खिड़कियों में जाली लगवाने, हेण्डवाश यूनिट सही तरीके से लगाने सहित निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि संबंधित ठेकेदार द्वारा कार्य को गुणवत्तापूर्ण कराने के पश्चात ही हेण्डओवर करें।निरीक्षण के दौरान शुजालपुर एसडीएम श्रीमती अर्चना कुमारी (आईएएस) तहसीलदार सुश्री सोनम शर्मा भी मौजूद थी।

### लैंक्सेस को मिली शीर्ष रेटिंग, सीडीपी ने जलवायु और जल संरक्षण को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को मान्यता दी

नागदा जं. निप्र। जलवायु संरक्षण पहल सीडीपी ने जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में उत्कृष्ट योगदान के लिए लैंक्सेस को सम्मानित किया है। अपने नवीनतम मूल्यांकन में, सीडीपी ने विशेष रसायन कंपनी को ष्जलवायुष् श्रेणी में शीर्ष ग्रेड ष्एष् दिया है। इससे लैंक्सेस, उन 24,700 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 2 प्रतिशत में शामिल हो गया है जिनका मूल्यांकन सीडीपी ने किया। ग्रेड ए उन कंपनियों को दिया जाता है जो जलवायु संरक्षण में अपनी गतिविधियों पर विशेष रूप से पारदर्शी और व्यापक रूप से रिपोर्ट करती हैं और संबंधित परियोजनाओं को लागू करती हैं। इसके लिए, उन्हें अपनी रणनीतियों और उपायों को प्रदर्शित करना होगा, जैसे कि वैज्ञानिक रूप से ठोस लक्ष्य निर्धारित करना और जलवायु संरक्षण योजना तैयार करना। लैंक्सेस 2012 से सीडीपी को जलवायु संरक्षण से संबंधित डेटा की जानकारी दे रहा है। इसके अतिरिक्त, सीडीपी ने जल संसाधनों के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के प्रति लैंक्सेस की प्रतिबद्धता का मूल्यांकन किया। संगठन ने इस क्षेत्र में ष्ए-ष् ग्रेड प्रदान किया। लैंक्सेस एजी के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य ह्यूबर्ट फिंक ने कहा, अपने समाधानों और विशेषज्ञता के साथ, हम सतत् विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। साथ ही, हम अपने ग्राहकों को उनके स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर रहे हैं। सीडीपी की नई शीर्ष रेटिंग जलवायु संरक्षण को लेकर हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देती है और दिखाती है कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सीडीपी पर्यावरण डेटा की अधिकतम पारदर्शिता,स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन सीडीपी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और जल संसाधनों एवं वनों के प्रबंधन पर वैश्विक पारदर्शिता बनाने के लिए समर्पित है।

### ग्रीष्म0कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ

## मलखंब टीन शेड का किया लोकार्पण

**शाजापुर, निप्र। जिला मुख्यालय पर खेल और युवा कल्यीण कार्यालय के अधिनस्थक संचालित मलखंब/जिम्नातस्टिक प्रशिक्षण केन्द्र0 पर विधायक अरूण भीमावद एवं कलेक्टभर सुश्री ऋजु बाफना के प्रयास से विधायक निधि के माध्याम से जिला प्रशासन की ओर से विभागीय मलखंब प्रशिक्षण केन्द्रि पर 16 लाख 38 हजार रूपये से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण किया गया।**



टीन शेड लोकार्पण उपरांत प्रशिक्षण केन्द् के मलखंब खिलाडियों द्वारा मलखंब प्रदर्शन कर अतिथियों का ध्या न अपनी ओर आकर्षित किया एवं खिलाडियों द्वारा विधायक निधि से निर्मित टीन शेड के लिए विधायक अरूण भीमावद एवं कलेक्टधर सुश्री ऋजु बाफना का आभार प्रकट कर स्वा गत किया गया। संचालनालय खेल और युवा कल्याण विभाग से प्राप्त् निर्देशानुसार जिलास्त्र पर कबड्डी, बास्केंटबॉल, ऐथलेटिक्सु, खो-खो, मलखंब, जिम्नाखस्टिक, क्रिकेट, सॉफ्टबॉल, बैडमिंटन एवं जूडो खेलो के शिविर का शुभारंभ मुख्ये अतिथि विधायक अरूण भीमावद द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्नम खेल संघो के पदाधिकारियो को खेल विभाग की ओर से अतिथियों द्वारा खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यशपाल राजपूत, भाजपा नगर अध्यक्ष पं. आशीष नागर एवं खेल संघो के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं समस्तष प्रशिक्षक व खिलाडी उपस्थित थे।

### 10वी व 12वी के परीक्षा परिणाम घोषित पूर्व की भांति बालिकाओं ने मारी बाजी



सोनकच्छ– मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा विभाग हाउसिंग बोर्ड भोपाल द्वारा मंगलवार को 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। परिणाम में पूर्व की भांति इस बार भी बालिकाओं ने अच्छे अंक लाकर अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन किया है। परिणाम के इंतजार में छात्र-छात्राओं के चेहरे दिनों दिन मायूस हो रहे थे। जिनके चेहरे परिणाम आने के बाद खुशी से खिल उठे। श्रीमती विरमाझी जाट कन्या हाई स्कूल के कक्षा दसवीं में स्नेहा पिता रायसिंह निवासी भागसरा को 91.7 प्रतिशत एवं 12वीं कक्षा में वैष्णवी पिता राजेश मेहता सोनकच्छ को 85.4 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। सीएम राईज बालक हाई सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 10वीं में विजय गदारिया निवासी सांवेर को 93.6 प्रतिशत तथा कक्षा 12वी मे छात्रा रौनक रायपुरिया निवासी गंजपुरा को 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। ग्राम बीसाखेड़ी स्थित संस्कार पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल अध्यनरत दिव्यांग रजत कौशल ने कक्षा दसवीं में 90.8 अंक प्राप्त कर पूरी कक्षा मे प्रथम स्थान किया। परीक्षा परिणाम में आए सभी टॉपर छात्र-छात्राओं को परिजनो सहित ईष्टमित्रों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

## सार-समाचार

### महापौर प्रहलाद पटेल ने किया 2 नवीन जेसीबी मशीन का लोकार्पण

#### निगम के संसाधनों में हुई वृद्धि

**रतलाम।** शहर के नालो की सफाई का कार्य त्वरित गति से किये जाने तथा अतिक्रमण हटाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई 2 नवीन जेसीबी मशीन का लोकार्पण महापौर प्रहलाद पटेल ने नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, विद्युत एवं यांत्रिकी समिति प्रभारी अक्षय संघवी, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, मनोहरलाल राजू सोनी, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती हीना मेहता, पार्षदगण व निगम अधिकारियों के साथ विधिवत् पूजा अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि शहर के छोटे एवं बड़े नालो की सफाई का कार्य त्वरित गति से कराये जाने तथा अतिक्रमण हटाये जाने हेतु 2 नवीन जेसीबी मशीन 80 लाख की राशि से क्रय की गई है जिसका आज लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर पार्षद योगेश पापटवाल, रणजीत टांक, बलराम भट्ट, पार्षद प्रतिनिधि हार्दिक मेहता, गौरव त्रिपाठी, राजेश माहेश्वरी, शेरू पठान, रमेशचन्द्र पांचाल, राजेन्द्र चौहान, विजयसिंह चौहान, उपयंत्री मनीष तिवारी आदि उपस्थित थे।

### साइकिलिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली हेमलता धाकड का सम्मान



**रतलाम।** सृष्टि समाज सेवा समिति और श्रेष्ठ नव निर्माण फाउंडेशन द्वारा ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बीकानेर में महिला वर्ग टाईम ट्रायल्स साइकिलिंग में स्वर्ण पदक जीतने वाली हेमलता धाकड का पिता गोपाल धाकड की उपस्थिति में शॉल एवं प्रशंसा पत्र फ्रेम देकर सम्मान किया। हेमलता ने संस्था सदस्यों को बताया कि इस उपलब्धि को पाने के लिए खूब तैयारी बिना संसाधनों की कमी के बाद भी स्वर्ण पदक जीता इसके लिए मेरे पिता और परिवार जनों ने हिम्मत दिलाई कोच किशन कुमार पुरोहित ने प्रशिक्षण दिया। यूनिवर्सिटी इवेंट के लिए महिला मित्र ने अपनी साइकिल दी जिससे मैंने तैयारी कर स्वर्ण पदक जीतने में सफलता पाई। राष्ट्रीय प्रतियोगिताओ में म.प्र. का प्रतिनिधित्व करने वाली हेमलता ने ओलंपिक में जाकर भारत के लिए स्वर्ण पदक लाने की इच्छा जताई। इस अवसर पर सृष्टि समाज सेवा समिति के महेंद्र नागर,सतीश टाक, काजल टाक, खुशी चौहान श्रेष्ठ नव निर्माण फाउंडेशन के सचिव नरेंद्र श्रेष्ठ, बी आर पाटीदार, आई एस राठौर उपस्थित रहे।

### पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे के साथ मुंह मीठा कर जश्न मनाया



**रतलाम।** भारतीय सेना द्वार पाकिस्तान प्रति चलाये गए ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता के बाद शहर के मुस्लिम समाजजनो द्वार भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पाहुंचकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय का मुंह मीठा कर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। आतंकवदी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा हमला कर आतंकवदी नेटवर्क को नष्ट किया है वह अपने आप में ही एक ऐतिहासिक क्षण है। इस अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लैमिन सदर इब्राहिम शेरानी, जिला वक्फ बोर्ड अध्यक्ष बब्लू पटेल, जिला हज समिति अध्यक्ष फैयाज खान, पूर्व पार्षद सलीम मेव, प्रोफेसर इमरान हुसैन, इमरान रहमानी, नासिर शाह, राशिद आलम, अख्तर हुसैन, रईस खान, इमरान खान, आसिफ अंसारी, एजाज खान पिपलोदा, साजिद अंसारी, शेख अज़हरुद्दीन, सलामत शाह, हयात खान, सरफराज शाह, इरशाद मंसूरी आदी उपस्थित थे। उक्त जानकारी मुबारिक शेरानी द्वारा दी गई।

### आईटीआई आलोट में प्रवेश प्रारम्भ

**रतलाम।** शासकीय आईटीआई आलोट में सत्र 2025-26 हेत विभिन्न व्यवसाय विद्युतकार 20 सीट, फीटर 20 सीट, वेल्डर 40 सीट, कोपा 48 सीट, सर्वेयर 24 सीट एवं डीजल मैकेनिकट 24 सीट प्रवेश हेतु आनलाईन रजिस्ट्रेशन 1 मई से प्रारम्भ हो चुके हैं। प्राचार्य दिलीप पराते ने बताया कि म.प्र. राज्य एवं राज्य से बाहर के आवेदकों के द्वारा पोर्टल पर आवेदन हेतु नवीन रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार किया जा सकता है। इच्छित संस्थाओं द्वारा व्यवसायों के प्राथमिक क्रम का चयन करना, इच्छित संस्थाओं के प्राथमिक क्रम में त्रुटि सुधार (चाईस लाक करने के पूर्व तक) किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी हेतु व्यक्तिगत रुप से शासकीय आईटीआई आलोट हेल्प डेस्क पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### मुस्लिम कसेरा कलाईगर बिरादरी के निखार सदर निर्वाचित

**रतलाम ।** मुस्लिम कसेरा कलाईगर बिरादरी के सदर पद के चुनाव संपन्न हुए। मुख्य चुनाव संचालक अब्दुल वकार खोकर ने बताया कि इस चुनाव में रतलाम कलाईगर समाज से दो प्रत्याशी हाजी परवेज़ निखार और मो. फारुक बेलिम सदर के तौर पर मैदान में थे। चुनाव में समाजजनो के कुल 471 मत गिरे, इस निर्वाचन प्रक्रिया में हाजी परवेज़ निखार को 266 मत प्राप्त हुए, मो. फारुक बेलिम को 200 मत प्राप्त हुए और 05 मत निरस्त हुए, परिणामस्वरूप मुख्य चुनाव संचालक अब्दुल वकार खोकर ने हाजी परवेज़ निखार को 66 मतों से विजयी घोषित किया, इस प्रकार हाजी परवेज़ निखार को मुस्लिम कसेरा कलाईगर बिरादरी रतलाम के सदर निर्वाचित हुए । इस चुनावी प्रक्रिया के दौरान चुनाव कमेटी के संचालक अब्दुल वकार खोकर, हाजी युनुस ताज, अब्दुल सलाम खोकर, अब्दुल हमीद खोकर, हाजी अतीक अंसारी, मो. सलीम गौरी, अब्दुल कलाम बेलिम, मो. जफ़र गौरी, मो. मेहबूब खिलजी, रईस एहमद राठौर मौजूद रहे।

# लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी समारोह आयोजित किया गया



**रतलाम।** जिला योजना अधिकारी एवं अग्रणी बैंक कार्यालय सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया द्वारा लोकमाता देवी अहिल्याबाई का त्रिशताब्दी समारोह 8 मई को न्यू कलेक्टर कार्यालय सभागृह में आयोजित किया गया, जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था में देवी अहिल्याबाई के योगदान के अंतर्गत वर्तमान शहर के अर्थव्यवस्था सुधार और व्यापार प्रोत्साहन में योगदान तथा इसमें स्थानीय व्यापारियों, बैंकर्स का सहयोग, कर प्रणाली और व्यापार प्रोत्साहन विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रोफेसर अर्थशास्त्री डॉक्टर वी. शास्त्री ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई द्वारा उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था एवं व्यापार प्रोत्साहन में उनके योगदान पर बताया गया। उनके पूरे शासन काल में एक भी युद्ध नहीं हुआ तथा उनकी न्याय प्रणाली, कर्तव्य परायण, धर्म परायण एवं कार्य कुशलता बहुत उत्तम थी। उन्होंने वर्तमान कर प्रणाली में सुधार के भी अनेक सुझाव प्रस्तुत किये। श्री रत्नेश सेठिया द्वारा विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ लेकर बेरोजगारी दूर करने पर विस्तृत चर्चा की। सीए मयंक सोलंकी द्वारा वर्तमान कर प्रणाली, वित्तीय प्रणाली, निवेश प्रणाली, भ्रष्टाचार, व्यय प्राथमिकता, धार्मिक कार्य, जनहित हेतु कार्य, सैन्य प्रणाली एवं कल्याणकारी योजनाओं के बारे में सुझाव दिए। जिला योजना अधिकारी बी.के. पाटीदार ने बताया कि वर्तमान न्याय प्रणाली को सरल बनाया जाना चाहिए तथा किसी भी कार्य की सफलता आपकी मूल भावना एवं नियत पर निर्भर है। सफलता हेतु आत्मनिर्भर बनना एवं उपलब्ध संसाधनो का अहम रोल होता है। आरसेटी निदेशक दिलीप सेठिया ने सुझाव दिया कि युवाओं को सफल होने हेतु जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन द्वारा अनेक प्रकार की योजनाएं एवं कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं तथा बैंकों द्वारा भी अर्थव्यवस्था में सुधार एवं व्यापार प्रोत्साहन हेतु पूर्ण योगदान दिया जा रहा है। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री एम.एल. मीणा ने भी बैंकर्स के सहयोग, वर्तमान कर प्रणाली और व्यापार प्रोत्साहन तथा उद्योग निर्माण पर अनेक सुझाव प्रस्तुत किये एवं आभार व्यक्त किया। समारोह में विभिन्न स्थानीय व्यापारिक संगठन, बैंकर्स तथा गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

# जिलाबदर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**रतलाम।** एसपी अमित कुमार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा (रापुसे) एवं नगर पुलिस अधीक्षक अनुभाग शहर सत्येन्द्र घनघोरिया (रापुसे ) के मार्गदर्शन में गुंडे एवं बदमाशों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के तारतम्य में थाना औद्योगिक क्षैत्र रतलाम उप निरीक्षक ध्यानसिंह सोलंकी की टीम को 7 मई को साक्षी पेट्रोल पम्प के पास के पास मुखबीर सुचना प्राप्त हुई कि थाने का जिला बदर आरोपी अभिषेक उर्फ भाऊ पिता सुरेश राव मराठा टेंकर रोड़ नयागांव में रोड़ पर खड़ा हुआ है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए मुखबीर द्वारा बताए स्थान टेंकर रोड़ नयागांव रतलाम के पास पहुचे जंहा मुखबीर द्वारा बताये हुलिये का एक व्यक्ति रोड़ पर खड़ा हुआ दिखा जो पुलिस को देख कर भागने लगा।

जिसे हमराह फोर्स व पंचानो की मदद से घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम अभिषेक उर्फ भाऊ पिता सुरेश राव इथापे मराठा उम्र 30 वर्ष निवासी नयागांव रतलाम का रहने वाला बताया जिसे जिला बदर अवधि में राजस्व सीमा में आने का कारण पूछने पर कोई विधिक कारण नहीं होना बताया जिसे राजस्व सीमा में आने की सक्षम अधिकारी की पुष्टि नहीं होना पाई गई जो जिला दंडाधिकारी जिला रतलाम के आदेश जिला बदर प्रकरण क्रमांक 33/जिला बदर/2024 व आदेश क्रमांक 199/आर -1/डी. एम. /2025 रतलाम दिनांक 29/04/2025 का स्पष्ट उल्लंघन होने से एवं आरोपी का कृत्य धारा 14, 15 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का पाया जाने से मौके पर से आरोपी अभिषेक उर्फ भाऊ पिता सुरेश राव इथापे मराठा उम्र 30 वर्ष निवासी नयागांव रतलाम को गिरफ्तार कर अपराध क्रमांक 363/2025 धारा 14, 15 मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 का पंजीबद्ध किया गया। सराहनीय कार्य = निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम, उनि. डी एस सोलंकी, कार्य. प्र.आर. 104 नौशाद खान, कार्य. प्र.आर. 802 धीरज गावड़े, आर. 939 दुर्गालाल गुजराती, आर. 161 अर्जुनसिंह, आर. 477 इमरान की सराहनीय भूमिका रही।



### वैशाख मां की मोहिनी एकादशी पर अनेक आयोजन

**रतलाम।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वाघेला गो सेवा जीव दया समिति वह इससे जुड़े परिवारों के सहयोग से शीतल जल वृद्ध जनों को उपलब्ध हो सके इसके लिए छोटी मटकिया का वितरण अन्नपूर्णा वृद्ध आश्रम लक्कड़ पिता रोड इस प्रेम बस्ती धोलावाड़ रोड जहां कुष्ठ रोगी परिवार रहते हैं वह पंजाबी समाज धर्मशाला के पास में झुग्गी झोपडियां में एकादशी के पावन पर्व पर शीतल जल के लिए छोटी मटकियों का वितरण किया गया। इसी कड़ी में स्व. रमाकांत शुक्ला पत्रकार की पुण्यतिथि पर अन्नपूर्णा अवध आसाम में वृद्धि जनों को भजन वह इस प्रेम बस्ती व काजू नगर के निर्मला भवन वृद्ध आश्रम में भोजन के साथ आम रस का रस वादन व्रत जनों को कराया गया। एकादशी के उपलक्ष्य में श्री कृष्णा कामधेनु गौशाला वह खेतलपुरी से गोपाल गौशाला के लगभग 700 गौ माता को हरा चारा, गुड, कपासिया व ताजी फलों का को भोजन कराया गया। इसी कड़ी में एक परिवार द्वारा गो दान का आयोजन भी कामधेनु गौशाला पर किया गया। आयोजन में ग्रुप प्रमुख दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, महावीर सिंह शक्तिवत, राजकुमार पंजाबी, महिला मंडल प्रमुख श्रीमती श्यामा वाघेला, शकुंतला सिसोदिया, मनोरमा शर्मा, आशा भट्ट, विमल पंजाबी व अन्य गोसेवक उपस्थित थे।

# रतलाम पुलिस का स्थाई वारंटियों की धरपकड़ हेतु चलाया जा रहा विशेष अभियान

**रतलाम।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा रतलाम द्वारा आदतन अपराधियों, विभिन्न प्रकरणों में फरार चल रहे वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु समय समय पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश अधीनस्थ अधिकारियों को दिए गए थे। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा विगत कई वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटीयो की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान 1 मई से 31 मई तक चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 1 मई से अभी तक कुल 45 स्थाई वारंट, एवं 250 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए। पुलिस का स्थाई वारंटियों की धरपकड़ अभियान लगातार जारी है।

# खुशियों की दास्ता : ग्राम गंगाखेडी में अब हर घर को मिल रहा है नल से जल

**रतलाम।** जिले की ग्राम पंचायत सनावदा के ग्राम गंगाखेडी में जल जीवन मिशन की योजना के पूर्व पानी को लेकर गांव की महिलाओं को काफी जद्दोजहद करना पड़ती थी इसमें काफी समय व्यर्थ हो जाता था महिलाओं को पानी लाने के लिए घर से दूर जाना पड़ता था। सर पर जल रखकर लाने की वजह से सिर दर्द व चक्कर आने की समस्या आम थी।

जल जीवन मिशन अंतर्गत पीएचई विभाग रतलाम द्वारा 29 लाख रूपए की नल जल योजना का क्रियान्वयन गंगाखेडी में किया गया। योजना में 30 हजार लीटर का संपवेल बनाया गया पूरे ग्राम में 2.5 किलोमीटर लम्बी पाइप लाइन बिछाकर एवं स्टैंड पोस्ट बनाकर शत प्रतिशत घरों को व स्कूल, आंगनबाड़ी, गांव के धार्मिक स्थान को भी नल कनेक्शन के माध्यम से जोड़ा गया। 474 की जनसंख्या वाले ग्राम में 108 नल कनेक्शन किए गए है। नल जल योजना से पूर्व गांव में पानी लाने के लिए ग्राम वासियों को काफी संघर्ष व समय



व्यर्थ करना पड़ता था किंतु अब ग्राम में पानी को लेकर बहुत आराम हो गया है। जल जीवन मिशन की नल जल योजना बनने से ग्राम गंगाखेड़ी के लोगों की आर्थिक समृद्धि एवं स्वास्थ्य में भी सुधार हो रहा है।

गांव की कमला बाई ने बताया की विगत एक वर्ष से जब से नल जल योजना बनी है हमें बहुत आराम हो गया है प्रतिदिन सुबह 8 बजे घर पर नल से पानी आ जाता है। पीएचई विभाग के जिला जल सलाहकार श्री आनंद व्यास ने बताया कि योजना को नियमित रूप से चलाने का कार्य ग्राम के नल चालक श्याम भाबर पूर्ण जवाबदारी के साथ करते हैं।

# नेशनल लोक अदालत का 10 मई को आयोजन

### संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा करने पर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट

#### बकायादार 2 स्थानों पर जमा करा सकेंगे बकाया राशि

**रतलाम।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 10 मई शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।


आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50,000/- (रूपये पचास हजार) से अधिक तथा रूपये 1 लाख तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10 हजार से अधिक तथा रूपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 1,00,000/- (रूपये एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट।

उक्त छूट मात्र एक बार (वन टाईम सेटलमेंट) पर ही दी जायेगी। यह छूट वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 10 मई की नेशनल लोक अदालत के लिये मान्य होगी।

नगर निगम द्वारा संपत्तिकर एवं जलकर के बकायादारों से अपील की जाती है कि 10 मई शनिवार को आयोजित एक दिवसीय लोक अदालत के तहत नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) में छूट का लाभ उठावें।



### शहर में पिछले एक सप्ताह में 9 नाबालिको को अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**रतलाम।** एसपी अमित कुमार द्वारा शहर में नाबालिको अवैध हथियार चाकू छुरे के साथ घूमने की शिकायतें मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में शहर के चारों थाना प्रभारियों के नेतृत्व में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें विशेषकर बेवजह घूमने वाले लोगों विशेषकर नाबालिको की भी चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान पिछले 7 दिनों में शहर में 9 नाबालिको को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना स्टेशन रोड पुलिस चेकिंग के दौरान परदेसीपुरा इंदौर के रहने वाले तीन नाबालिक बालकों को धारदार हथियार के साथ पकड़ा है। उक्त तीनों बालकों को चिता 6 आरक्षक लोकेंद्र सोनी एवं आरक्षक पवन शर्मा के द्वारा दिलबहार चौराहा पर पकड़ा गया।

# चॉबी बनाने वाला सिकलीगर निकला चोर : 7 सूने मकानों को बनाया था निशाना; वाहन चेकिंग में पुलिस ने पकड़ा

**रतलाम। थाना औद्योगिक क्षेत्र में हुई 7 चोरी के मामले में पुलिस ने एक सिगलीकर को पकड़ा है। जो चॉबी बनाने का काम करता है। चॉबी बनाने के दौरान यह रेकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देता था। एसपी अमित कुमार ने गुरुवार शाम चोरी के मामलों का खुलासा किया।**



एसपी ने बताया वाहन चेकिंग के दौरान बंजली बायपास पर एक सफेद रंग की एक्टिवा चालक को रोका। पूछताछ में नाम गुरदीप उर्फ लक्की पिता आनंद सिंह निवासी राजस्व कॉलोनी रतलाम बताया। एक्टिवा के डॉक्यूमेंट मांगे तो पास में नहीं मिले। चेसिस नंबर जांचा तो एक्टिवा चोरी की पाई। एक्टिवा की डिग्गी की तलाशी लेने पर औजार एवं सोने-चांदी के आभूषण, सोने की चेन, मंगलसूत्र, टॉप्स, मोती आदि मिले। थाने लाकर सख्ती से पूछताछ की तो थाना औद्योगिक क्षेत्र में अ ल ग - अ ल ग स्थानों से चोरी करना कबूल किया। आरोपी गुरदीप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड लिया जाएगा। खुलासे के दौरान एएसपी राकेश खाखा भी मौजूद रहे।

#### पूर्व में भी चोरी के केस दर्ज

आरोपी चोर चॉबी बनाने का काम करता है। चॉबी बनाने के दौरान वह रेकी के बाद चोरी की घटना को अंजाम देता था। पूर्व में इसके खिलाफ थाना स्टेशन रोड में 1 व जीआरपी थाना में चोरी का 1 केस दर्ज है। चोर का पकडने में थाना प्रभारी मुनेंद्र गौतम, सब इंस्पेक्टर ध्यानसिंह सोलंकी, कॉन्स्टेबल रवि चंदेल, अभिषेक पाठक, पवन मेहता आदि की भूमिका रही।

#### इन स्थानों पर की चोरी

7 मई की रात सखवाल नगर रतलाम से एक्टिवा क्रमांक एमपी 43 डीवी 0869 एवं सृष्टि कॉलोनी रतलाम के सुने मकान का नकूचा तोड़ सोने-चांदी के आभूषण चुराए। 29 अप्रैल की रात एमबी नगर से एक टीवीएस एक्सेस वाहन क्रमांक एमपी 43 जेडए 1237 व पुखराज कॉलोनी के सूने मकान में ताला तोड़कर चांदी के आभूषण चुराए। 26 अक्टूबर 24 की रात सिद्धार्थ नगर के सूने मकान का ताला तोड़ चांदी के आभूषण एवं नगदी। वर्ष 2023 में एक बाइक वाहन चोरी का केस दर्ज है।



## संभागायुक्त ने अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल एवं प्रस्तावित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के भूखंड का निरीक्षण किया

इंदौर -इंदौर विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल के सुचारू रूप से संचालन का निरीक्षण आज संभागायुक्त सह प्राधिकरण अध्यक्ष श्री दीपक सिंह द्वारा किया गया। बताया गया कि अंतरराष्ट्रीय स्विमिंग पूल पर वर्तमान में 20 से अधिक राष्ट्रीय स्तर के तैराक अपनी तैयारी कर रहे है। इसके साथ ही जिम आदि के साथ स्विमिंग पूल का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इस दौरान संभागायुक्त श्री सिंह ने प्रस्तावित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के भूखंड का भी निरीक्षण किया।

## मप्र, हरियाणा, उत्तराखंड व झारखंड अगले राउंड में



इंदौर। पिट्ठू फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में पिट्ठू एसोसिएशन ऑफ मप्र द्वारा सेंट नॉर्बर्ट स्कूल में आयोजित की जा रही मोयरा कप 5वी सीनियर एवं दूसरी सब जूनियर नेशनल पिट्ठू चैंपियनशिप के सीनियर पुरुष व महिला वर्ग में क्रमशः मध्यप्रदेश ने राजस्थान को 14 व हरियाणा ने उत्तराखंड को 21 एवं सब जूनियर बालक व बालिका वर्ग में क्रमशः उत्तराखंड ने राजस्थान को 17 व झारखंड ने गुजरात को 16 अंको से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया । चैंपियनशिप में खेले गए मैच के दौरान विधायक गोलू शुक्ला, हरिनारायण यादव, गुलाब सिंह चौहान, नवीन गौड़, ईश्वर सिंह चौहान, अनुराग तिवारी ने टीमों से परिचय प्राप्त किया ।

## धरावरा धाम के तत्वाधान में रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन

इंदौर जिले के धरावरा धाम में श्री खेड़ापति क्रिकेट स्पर्धा के तत्वाधान में रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है, जिसका शुभारंभ दिनांक 9 मई से किया जा रहा है टूर्नामेंट कमेटी सदस्यों ने बताया कि ये पश्चिम क्षेत्र का सबसे बड़ा ग्रामीण टूर्नामेंट हे जिसमें प्रथम पुरस्कार 151000/-(एक लाख इक्कावन) हजार व द्वितीय पुरस्कार 101000/-(एक लाख रुपए) रखा गया है।

## कु. नव्या खण्डेलवाल के नेतृत्व में डैली कॉलेज को स्क्वाश में स्वर्ण पदक



इन्दौर। द ऑल इण्डिया इण्डियन पब्लिक स्कूल कॉन्फ्रेंस (आई.पी.एस.सी.) स्क्वॉश प्रतियोगिता में डैली कॉलेज इन्दौर की टीम ने कु. नव्या खण्डेलवाल के नेतृत्व में स्वर्ण पदक अर्जित कर गौरवांवित किया। स्पर्धा में मेचो स्कुल अजमेर (राजस्थान), पटियाला, एमराल्ड हाईट्स इन्दौर, जोधपुर, डैली कॉलेज समेत देश के कई स्कूलों की अण्डर-12 टीमों ने भाग लिया।

## स्पिनर वरुण पर जुर्माना




कोलकाता (ईएमएस)। आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर जुर्माना लगाया गया है। वरुण पर सीएसके के खिलाफ मैच के दौरान मैच फीस का 25 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक नकारात्मक अंक भी दर्ज हुआ है। वरुण को आईपीएल आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। ये मैच में किसी अन्य खिलाड़ी के प्रति अपमानजनक भाषा, कार्य या हाव-भाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया भड़काने को लेकर है। आईपीएल की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, वरुण ने अपनी गलती को अपराध को स्वीकार कर लिया है और मैच रेफरी की सजा को मान लिया है।

## केकेआर को प्लेऑफ की संभावनाएं बनाये रखने जीतने होंगे दोनो मैच

मुम्बई (ई)। आईपीएल के इस सत्र में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली हार से नुकसान हुआ है और उनकी प्लेऑफ की संभावनाएं कम हुई हैं पर समाप्त नहीं हुई हैं। केकेआर के अबतक 12 मैचों में 11 अंक है और टीम आईपीएल 2025 अंक तालिका में छठे स्थान पर है। केकेआर को अभी लीग स्तर पर दो मैच और खेलने हैं और अगर टीम यह दोनों मैच जीतने में सफल रहती है तो वह अधिकतम 15 अंकों तक पहुंच सकती है। वहीं केकेआर अब दो में से एक भी मैच हारती है तो वह प्लेऑफ से बाहर हो जाएगी। वहीं अगर टीम 15 अंक तक पहुंचने में सफल् रहती है तो उसे मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के परिणामों पर नजर रखनी होगी। मुम्बई अपने सभी मैच जीते तो 18, दिल्ली कैपिटल्स 19 जबकि सुपर जाएंट्स 16 अंक तक पहुंच सकती है। केकेआर ऐसे में चाहेगी कि मुंबई और दिल्ली 2-2 जबकि सुपर जाएंट्स एक मैच हार जाये। इस स्थिति में केवल दिल्ली के ही कोलकाता के बराबर 15 अंक होंगे। फिर प्लेऑफ का टिकट नेट रन रेट के आधार पर हासिल किया जा सकेगा। अभी नेट रन रेट के मामले में दिल्ली कैपिटल्स (+0.362) कोलकाता नाइट राइडर्स (+0.193) से आगे हैं। केकेआर को आगामी मैचों में अपना नेट रन रेट सुधारना होगा। प्लेऑफ की दौड़ में अभ गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स की टीमें 16-16 जबकि पंजाब किंग्स 15 अंक लेकर सबसे आगे है।

# पाकिस्तान अटैक के बीच पंजाब-दिल्ली IPL मैच रद्द

## धर्मशाला मैदान में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगे, दर्शकों को बाहर निकाला



पाकिस्तान के अटैक के चलते धर्मशाला के HPCA मैदान पर खेले जा रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को रद्द कर दिया गया है। बीसीसीआई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। मैदान की सभी फ्लडलाइट्स बंद कर दी गई हैं और सभी फैंस को बाहर निकाल दिया गया है। मैदान से बाहर निकलते हुए फैंस ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। इधर, BCCI ने IPL के शेष मैचों के आयोजन के लिए IPL कमेटी के साथ इमरजेंसी ऑनलाइन मीटिंग बुलाई है। मिली जानकारी के अनुसार, IPL होगा या नहीं इस पर फैसला शुक्रवार को लिया जाएगा। खेल रोके जाने से पहले पंजाब ने 10.1 ओवर में एक विकेट पर 122 रन बना लिए थे। प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर नाबाद लौटे। प्रियांश आर्या 70 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें टी नटराजन ने माधव तिवारी के हाथों कैच कराया।

धर्मशाला में पंजाब-दिल्ली मैच रद्द होने के बाद BCCI ने इमरजेंसी ऑनलाइन मीटिंग बुलाई है। सूत्र बताते हैं कि यह मीटिंग IPL के शेष मैचों के आयोजन पर चर्चा करने के लिए रखी है। मिली जानकारी के अनुसार, IPL होगा या नहीं इस पर फैसला शुक्रवार को लिया जाएगा।

## आईपीएल में आज आरसीबी का सामना करेगी सुपर जायंट्स

लखनऊ (ईएमएस)। आईपीएल में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का सामना करेगी। इकाना स्टेडियमय में होने वाले इस मैच में सुपर जायंट्स जीतने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देगी क्योंकि अब एक भी हार उसके प्लेऑफ की दौड़ से बाहर कर देगी। उसके अभी 10 अंक हैं और आने वाले तीनों की मैच उसे जीतने होंगे हालंकि उसके लिए आरसीबी का सामना करना आसान नहीं होगा। आरसीबी ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और उसका मनोबल भी काफी बढ़ा हुआ है। उसके अभी 16 अंक हैं और उसे प्लेऑफ में जगह बनाने केवल एक जीत की जरुरत है। आंकड़ों पर नजर डाले तो इस मैच में आरसीबी का पलड़ा हल्का भारी नजर आता है। यहां लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल पांच आईपीएल मुकाबले हुए हैं, जिसमें आरसीबी ने 3 और एलएसजी ने 2 जीते हैं। इससे साफ है कि दोनों टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर देती हैं और मामला एकतरफा नहीं है। इकाना स्टेडियम की पिच गेंदबाजों की सहयक रही है। ऐसे में यहां बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसान नहीं होगा। सुपर जाइंट्स की सबसे बड़ी परेशानी उसके कप्तान और प्रमुख बल्लेबाज ऋषभ पंत का अबतक असफल होना है, उसकी बल्लेबाजी अब तक निकोलस पूरन पर ही टिकी रही है पर जीत के लिए अन्य बल्लेबाजों को भी रन बनाने होंगे। मयंक यादव के आने से टीम की गेंदबाजी मजबूत हुई है। वहीं आरसीबी की बल्लेबाजी विराट के अलावा कप्तान रजत पाटीदार पर निर्भर है। गेंदबाजी की जिम्मेदारी भुवनेश्वर कुमार पर रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं लखनऊ सुपर जाइंट्स**

एडेन मार्करम, निकोलस पूरन, ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, आयुष बडोनी, डेविड मिलर, आकाश महाराज सिंह, दिग्वेश सिंह राठी, अवेश खान, मयंक यादव, प्रिंस यादव। इम्पैक्ट प्लेयर- मिशेल मार्श।

## यू एस के ए आई द्वारा कराते बेल्ट परीक्षा का आयोजन




इंदौर। इंदौर यूनाइटेड शिदो कराते एसोशिएशन आफ इंडिया द्वारा कराते कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन रॉबिन जिम खातीवाला टैंक इंदौर में किया गया। जिसमें मुख्य रूप से एम पी एस के ए के अध्यक्ष कमल सोनी की उपस्थिति दर्ज रही। संस्था के सचिव एवं तकनीकी डायरेक्ट सिहान कृपाकांत सोनी ने बताया कि प्रशिक्षक भारत सिंह, आरती त्रिवेदी, पिंकी पवार व मार्शल आर्ट के खिलाड़ियों द्वारा अलग अलग कलर बेल्ट परीक्षा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया और सफलता हासिल की गई। जिसमेंब्लू बेल्ट समूह में ग़ाजल डांडे, निष्ठा कुशवाह, मान्या शर्मा, प्रसिद्धि शर्मा, सुहानी सचान, साची सिंह, शुभम दौलत, पी बिल्हानी, तनीषा, दर्शिमा, गगन चौरसिया, वैष्णवी प्रजापत, संस्कृति कुशवाह, चित्रांश पटेल,शोभिका जैन, नैतिक गुप्ता। येलो बेल्ट समूह में महिमा प्रजापत, आराध्या लड्ढा,झलक जैन, विनायक बरेठा, नित्या असलीया, अक्षत पाराशर, अंतू शर्मा, केथवी पुरोहित, दिव्यांश सिंह। ऑरेंज बेल्ट समूह में असीना जैन, कनक गाड़े, सार्थक वाल्मीकि ईशान सिंह राठौड़। ग्रीन बेल्ट समूह में देवाशीष जांगड़ा, लवनीश मेवाड़ा परवी नीमा दिव्या कश्यप। प्रोवी ब्राउन बेल्ट समूह में अदम्य सोनी चित्रांश इंडेला, वेदिका चौहान, ललित जांगिड़, हरे कृष्ण गंगेले सरावगी मालवीय । प्रो वी ब्लैक बेल्ट में वंशिका चौहान गौरांश ठाकुर इन सभी सफल खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा शुभ कामनाएं देते हुए उनके सफल जीवन की कामना की। आयोजन समिति के मुख्य सूत्रधार सेसाई भारत सिंह राठौर एवं मनीष गौर ने मुख्य अतिथि और उपस्थित अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

## खेलों इंडिया कुश्ती में दमखम दिखाने मध्यप्रदेश कुश्ती टीम आज पटना के लिए रवाना हुई



इंदौर मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि मध्यप्रदेश कुश्ती टीम आज खेलो इंडिया में भाग लेने बिहार के पटना के लिए रवाना हुई ओलंपियन पप्पु यादव ने मध्यप्रदेश कुश्ती टीम की कमान युवराज यादव को कप्तान बना कर सौंपी खेलो इंडिया 10 से 15 मई पटना में आयोजित होगा खेलो इंडिया 10 से 15 मई पटना में आयोजित हो रहा है आलोक प्रजापति, हितेश कुशवाह , यश यादव , सनिशित जायसवाल, कमल बागरी ,अयान खान अंशुमन धनगर, आनंद यादव , तुशांत जाधव ,अली पठान,युवराज यादव ( कप्तान ),हिमांशु राठौर सिद्धार्थ जोशी,वंशपाल,,अविका रायकवार,लक्ष्मी जरिया ,यशस्वी भाटी,माही कौशल ,अनुष्का बोरासी,भूमिका वर्मा श्रेया बोरासी,टीम के कोच होगे विकास यादव, जगदीश पटेल, परमजीत वारसे, विनय कुमार मैनेजर होगे गोविंद गुजर । पहलवानों से ओलंपियन पप्पु यादव ने खेलो इंडिया कुश्ती में पदक जीतने की उम्मीदें जताई कुश्ती दल को ओलंपियन पप्पु यादव, विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री, सुरेश यादव ने पदक जीतने की उम्मीदों के रवाना किया



## इंटर कंपनी गार्ड प्रतियोगिता एवं फायरिंग प्रैक्टिस का आयोजन

इंदौर। एनसीसी ग्रुप इंदौर की 9 एमपी बटालियन एनसीसी इंदौर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज सीनियर डिवीजन कैडेट्स के बीच इंटर कंपनी गार्ड प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि बटालियन के इस कैम्प में अलग-अलग महाविद्यालय से आए एनसीसी कैडेट्स के बीच इंटर कंपनी गार्ड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इंटर ग्रुप गार्ड प्रतियोगिता में 6 कंपनी के बेस्ट कैडेट्स ने भाग लिया।कैडेट्स का जोश देखने लायक था। कर्नल तिवारी ने बताया कि इंदौर जिला प्रशासन के आपदा प्रबंधन के अंतर्गत जारी निर्देश पर एनसीसी कैंप के दौरान कल एमएम सीसी शाम 7~30 बजे से 7.42बजे तक कैंप लोकेशन में सभी लाइट बंद रखकर आपदा प्रबंधन की प्रैक्टिस की गई। इसके उपरांत आपदा प्रबंधन के तहत रात्रि 8~00 बजे के बाद सभी कैडेट्स ने अपने कमरे से तत्काल बाहर आकर आपदा में एक दूसरे साथी को मदद करने की कार्रवाई में भी भाग लिया। कैम्प कमांडेंट कर्नल मोहन तिवारी ने बताया कि कैम्प के दौरान सभी कैडेट्स को पॉइंट 22 डीलक्स राइफल से कर्नल वरुण भारतीय के मार्गदर्शन में 25 मीटर दूरी से फायरिंग भी करवाई जा रही है। कैडेट्स फायरिंग के उद्देश्य ÷एक गोली एक दुश्मन÷को ध्यान में रखते हुए फायरिंग कर रहे हैं। ग्रामीण अंचल से आए अधिकांश कैडेट्स ने पहली बार पॉइंट 22डीलक्स राइफल से बहुत अच्छी फायरिंग की। बटालियन स्तर पर अच्छे फायरिंग करने वाले कैडेट्स का चयन सितंबर माह में आयोजित आगामी थल सैनिक कैम्प नई दिल्ली के लिए किया जा रहा है,ताकि उनको आगामी माह में फायरिंग की प्रैक्टिस करवाई जा सके, एवं बटालियन के अधिकांश कैडेट्स का चयन थल सैनिक कैंप नई दिल्ली हेतु हो सके। कैडेट्स को विगत चार दिनों से फायरिंग सूबेदार प्रवीन कुमार चौधरी, सूबेदार बलबिंदर एनसीसी ऑफिसर दामोदर मोकाती,सुजाता मालवीय, राकेश बारिया ,हवलदार जितेंद्र कुमार,हवलदार राकेश द्वारा करवाई जा रही है।

## इंदौर की मांडवी, गिरिजा और अवनीश को मप्र राज्य रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा में खिताब



इंदौर/ इंदौर की मांडवी गांधी और गिरिजा जाधव ने मप्र राज्य मिनी और सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन स्पर्धा में 13वर्ष बालिका युगल का खिताब जीता, मंदसौर में हुई इस स्पर्धा में इंदौर के अवनिश नेकिये ने भोपाल के स्वर्णिम विकास पांडे के साथ 13वर्ष बालक युगल का खिताब हासिल किया, इंदौर की पहल चढ़ोकर 11वर्ष बालिका एकल में, प्रियांशु बारिया ने धार के अनय कुमार यादव के साथ 11वर्ष बालक युगल में, सक्षम गुप्ता और शोभित गुप्ता 13वर्ष बालक युगल में उपविजेता रहे, दौर के प्रियांशु बारिया 11वर्ष बालक एकल, मांडवी गांधी 13वर्ष बालिका एकल, आरिशा जायसवाल 11वर्ष बालिका एकल और शोभित गुप्ता 13वर्ष बालक एकल में तीसरे स्थान पर रहे, इंदौर के अवनिश नेकिये 13वर्ष बालक एकल, अद्वितिया शर्मा 13वर्ष बालिका एकल और अदवैत पाटीदार 11वर्ष बालक एकल में सेमीफाइनल खेलकर चौथे स्थान पर आए, 3वर्ष बालिका युगल फाइनल में दूसरे क्रम की मांडवी गांधी और गिरिजा जाधव ने पहले क्रम की भोपाल की भुमि कौशिक और अदिति परमार को 21-16,22-20 से हराकर उलटफेर किया, 13वर्ष बालक युगल फाइनल में स्वर्णिम विकास पांडे और अवनिश नेकिये ने इंदौर के ही सक्षम गुप्ता और शोभित गुप्ता को 21-15, 18-21,21-15 से हराया, 11वर्ष बालिका एकल के फाइनल में इंदौर की पहल चढ़ोकर, भोपाल की अवनी मिश्रा से 21-23, 18-21 से पराजित हुई, 11वर्ष बालक युगल फाइनल में इंदौर के प्रियांशु बारिया और धार के अनय कुमार यादव, भोपाल के आरव सोनी और प्रियान सचान से 23-25,20-22 से कड़े संघर्ष में हारे,

तीन वर्गो के तीसरे स्थान के मुकाबले इंदौर के खिलाड़ियों के बीच हुए, 13वर्ष बालिका एकल में मांडवी गांधी ने अद्वितीया शर्मा को 21-16,21-19 से, 11वर्ष बालक एकल में प्रियांशु बारिया ने अदवैत पाटीदार को 25-23, 14-21,22-20 से और 13वर्ष बालक एकल मेशोभित गुप्ता ने अवनिश नेकिये को 21-13, 24-22 से हराया, 11वर्ष बालिका एकल में इंदौर की आरिशा जायसवाल ने भोपाल की विवांशी सिंह को 21-18 ,21-19 से पराजित किया, इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन अध्यक्ष अनिल भंडारी, सचिव आर पी सिंह नैयर, सह सचिव धर्मेश यशलहा, कोषाध्यक्ष विशाल चांदवानी, सुधांशु व्यास, मनीष त्रिवेदी आदि ने मंदसौर स्पर्धा में सफल इंदौर के खिलाड़ियों को बधाई दी हैं

## राणा आईपीएल से बाहर हुए, प्रीटोरियस शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। राजस्थान रॉयल्स के बल्लेबाज नितीश राणा आईपीएल से बाहर हो गये हैं। राणा की जगह पर दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को शामिल किया गया है। प्रीटोरियस को 30 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम के साथ जोड़ा गया है। रॉयल्स की टीम हालांकि प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गयी है। । हालांकि उन्हें लीग स्तर के बचे दो और मुकाबले खेलने हैं। ऐसे में टीम इस विदेशी खिलाड़ियों को वह अगले सत्र के लिए जांच रही हैं। राणा की जगह पर शामिल प्रीटोरियस ने 33 टी20 मैच खेले हैं और 97 के उच्चतम स्कोर के साथ 911 रन बनाए हैं।

## फुटबॉलर रायकवार का आकस्मिक निधन



इंदौर ।आज अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी इंदौर ब्लू क्लब के संस्थापक एवं भाजपा खेल प्रकोष्ठ के पूर्व नगर संयोजक श्री देवकीनंदन रायकवार (कप्तान) का 80 वर्ष की आयु में आज दोपहर को आकस्मिक निधन हो गया । जूनी इंदौर मुक्तिधाम शोकसभा में लोक सेवा आयोग सदस्य चंद्रशेखर रायकवार कांग्रेस नेता दीपक जोशी (पिंटू जोशी ),कमल वर्मा ,भाजपा नेता जगमोहन वर्मा, उमाशंकर रायकवार, बालकिशन रायकवार, ज्ञानी गायकवार ,दीपचंद चौहान, वीरेंद्र वर्मा, रमेश झिरवार आदि ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट – 2025

# अमान, आरूष, असमी, ऋषिना फाइनल में

इंदौर। मध्य प्रदेष टेनिस संघ के द्वारा इंदौर टेनिस क्लब में आयोजित की जा रही आदिनाथ फलेक्सीपैक प्राईवेट लिमिटेड ऑल इण्डिया टेलेन्ट सीरीज जूनियर टेनिस टूर्नामेंट में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में मध्यप्रदेष के खिलाडियों ने दमदार प्रदर्षन करते हुए बालक एवं बालिका वर्ग-16 वर्ष आयु के एकल फाइनल में प्रवेष कर लिया है।



बालक वर्ग से अब्दुल अमान खान एवं आरूष जैन ने तथा बालिका वर्ग से असमी रघुवंषी , ऋषिना त्रिपाठी ने जगह बना ली है। शेष परिणाम इस प्रकार रहेः- फाइनल मुकाबले दोपहर 3 बजे से खेला जाएगा। बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल सेमीफाइनल) अब्दुल अमान खान (म.प्र.) विवि पृथ्वी सिंह चौहान (म.प्र.) 6-4, 6-1 आरूष जैन (म.प्र.) विवि मो. आरिज खान (म.प्र.) 6-2, 6-0 बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (एकल सेमीफाइनल) असमी रघुवंषी (म.प्र.) विवि पलक मालवीय (म.प्र.) 6-4, 6-2 ऋषिना त्रिपाठी (म.प्र.) विवि वैदेही शुक्ला (म.प्र.) 6-2, 6-2

**बालक बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल सेमीफाइनल)** माधव शाह-रंष गोटावाला विवि अलमीर अली वारसी-आरिज खान 5-7,4-0(कनसीड) त्रिषिर धवन-सुविग्या चौधरी विवि तनय जैन-हृदीयांष उपाध्याय 6-4, 6-7, 10-8 बालिका बर्ग-16 वर्ष आयु (युगल सेमीफाइनल) ऋषिना त्रिपाठी-पलक मालवीय विवि प्रियमवदा यादव-येषा धनकानी 6-0, 6-0 असमी रघुवंषी-मनुस्मृति सिंह विवि आन्या राठी-आन्या फलजले 6-1, 6-1

# पन्ना टाइगर रिजर्व के इको सेंसिटिव जोन के 67 गांवों के लिए बनेगा जोनल मास्टर प्लान

## 11 महीने में हुई पहली बैठक, नहीं लगेंगे नए उद्योग

• भोपाल /

पन्ना टाइगर रिजर्व के इको सेंसिटिव जोन में आने वाले पन्ना, छतरपुर और दमोह जिलों के 67 गांवों का जोनल मास्टर प्लान तैयार होगा। यह काम एक साल में पूरा किया जाएगा। टाइगर रिजर्व इको सेंसिटिव जोन घोषित होने के 11 माह बाद हुई पहली बैठक में यह तय किया गया है कि प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया की स्थिति स्पष्ट की जाए। इसमें सभी प्रकार की व्यवसायिक खनन गतिविधियों पर प्रतिबंध सहित नए उद्योग स्थापना पर भी रोक शामिल रहेगी। ,

नेशनल पार्क के एक किमी के दायरे में ही होटल और रिसोर्ट संचालित होंगे। टाइगर रिजर्व को इको सेंसिटिव जोन घोषित करने की कार्यवाही




5 जून 2024 को हुई थी। इसके बाद संभागायुक्त सागर की अध्यक्षता में पहली बैठक में मंडला के कर्णावती व्याख्या केन्द्र में पन्ना टाइगर रिजर्व एवं गंगऊ अभ्यारण्य क्षेत्र में प्रस्तावित ईको सेंसिटिव जोन के संबंध में मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के अध्यक्ष और संभागायुक्त सहित पन्ना, छतरपुर कलेक्टर, क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मौजूद रहे।

### तीन जिलों के 67 गांव शामिल

बैठक में कहा गया कि कार्य योजना के अनुसार ईएसजेड के लिए कार्यवाही की जाएगी। इसमें पन्ना, छतरपुर और दमोह जिले के 67 गांवों को शामिल किया गया है। इसके लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलवार तैयार मैप के मुताबिक भविष्य में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा तैयार करेंगे और 2026 तक जोनल मास्टर प्लान तैयार करने का काम पूरा करेंगे। इस दौरान प्रस्तावित जोन में लैंड यूज एरिया पर भी चर्चा की गई।

### सेंसिटिव जोन में तीन उपायों पर होगा काम

सेंसिटिव जोन में तीन तरह के उपाय किए जाना हैं, इसमें पूर्णतः प्रतिबंधित, नियंत्रित और बढ़ावा देने वाली अलग-अलग गतिविधियां शामिल हैं। यहां ध्वनि और वायु प्रदूषण सहित अन्य प्रतिबंधित गतिविधियों के लिए जारी नियमों का पालन करना आवश्यक है। जोन में सभी प्रकार की ईको फ्रेंडली गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिसमें रेन वाटर हॉर्वेस्टिंग, स्किल डेवलपमेंट और पौधारोपण जैसी गतिविधियां शामिल हैं। यहां जन जागरूकता गतिविधियों, जोनल मास्टर प्लान की जरूरत और प्रस्तावित जरूरी कार्यों के लिए समिति बनाने और विशेषज्ञों की नियुक्ति की जानकारी भी बैठक में दी गई। इसमें केन बेतवा परियोजना के अभियंता द्वारा बांध एवं नहर के अलग-अलग निर्माण कार्यों के दौरान कुछ मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराया गया, जिस पर प्रस्तावित जोन में एसओपी का पालन कर इन्फ्रास्ट्रक्चर, डेवलपमेंट और अन्य गतिविधियों के संचालन पर सहमति बनी।

### कूनो से शिवपुरी के गांवों में पहुंच गया चीतों का झुंड ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर वन विभाग को दी खबर



शिवपुरी जिले से लगे श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से पांच चीते गुरुवार सुबह एक झुंड के रूप में शिवपुरी की सीमा तक पहुंच गए। शिवपुरी जनपद पंचायत के पिपरसमां और तानपुरगांव में पांच चीतों के झुंड को ग्रामीणों ने खेतों में चहलकदमी करते हुए देखा। इस दौरान ग्रामीणों ने इन चीतों के वीडियो बना लिए और वन विभाग के लोगों को सूचित किया। शिवपुरी जनपद पंचायत के ग्राम पिपरसमां और तानपुर में गुरुवार सुबह खेतों में चीतों को विचरण करते देख ग्रामीण दहशत में आ गए। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वह अपने खेती-किसानी के काम से खेतों में गए थे, तभी उन्होंने देखा कि चीतों का एक झुंड खेतों में विचरण कर रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि झुंड में पांच चीते देखे गए हैं,जिनके वीडियो ग्रामीणों ने बनाए हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने वीडियो बनाने के बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। बाद में वन विभाग के कर्मचारी जो निगरानी दल में शामिल थे, चीतों को निगरानी करने के लिए वहां पहुंचे। स्थानीय लोगों ने बताया है कि शिवपुरी पहुंचने से पहले इस झुंड को पास के पोहरी विकासखंड के जंगलों में भी देखा गया था।

# ओरछा, उज्जैन समेत 17 स्थानों पर नए रोप-वे बनाएगी सरकार

## केन्द्र सरकार की पर्वतमाला योजना के तहत होगा काम जल्द जारी होंगे टेंडर, शुरू होगा पहले चरण का कार्य

• भोपाल /



भारत सरकार की पर्वतमाला परियोजना के तहत मध्य प्रदेश में 17 स्थानों पर रोप-वे बनाए जाएंगे। रोप-वे परियोजनाओं में रानी रूपमति पवेलियन मांडू, सिद्धवारकट जैन मंदिर, ओमकारेश्वर सैलानी आइलेंड खंडवा, रायसेन किला, पातालकोट तामिया, रामराजा मंदिर ओरछा, रनेह फाल खजुराहो, चौरागढ़ महादेव मंदिर पचमढ़ी और दुग्ध धारा अमरकंटक में रोप-वे निर्माण किया जाएगा।

नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड ,एनएचएलएमएल के सहयोग से रोप-वे का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर एमपीआरडीसी ने टेंडर की तैयारी शुरू कर दी है। मप्र सड़क विकास निगम रोप-वे निर्माण में एनएचएआई के साथ समन्वय का काम करेगा। जहां भूमि की आवश्यकता है तो राज्य सरकार उपलब्ध कराएगी। पहले चरण में जबलपुर, सागर, उज्जैन सहित चार जगहों पर रोप-वे बनाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें उज्जैन में रोप-वे को लेकर काम शुरू हो गया हैं। सिंहस्थ से पहले इसे पूरा करने की योजना है। प्रदेश में ये सभी रोप-वे पर्वतमाला परियोजना के तहत बनाए जाएंगे। इनके लिए रेलवे से भूमि अधिग्रहण भी किया जा रहा है। उज्जैन के अलावा टिकिटोरिया माता मंदिर सागर में फ नीकुलर रोपवे, एमपायर स्टेडियम से गुरुद्वारा जबलपुर एवं सिविक सेंटर से बलदेव बाग जबलपुर में रोप-वे निर्माण किया जाएगा। वहीं आने वाले समय में भोपाल में गोल जोड तिराहा से न्यू मार्केट, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर से नादरा बस स्टैंड पर भी रोप-वे की योजना है।

### यहां के लिए भी प्रस्तावित है योजना

शेष प्रस्तावित रोपवे परियोजनाओं में रानी रूपमति पवेलियन मांडू, सिद्धवारकट जैन मंदिर ,ओमकारेश्वर, सैलानी आइलेंड खंडवा, रायसेन किला, पातालकोट तामिया एवं राजवाड़ा चौराहा इंदौर, ग्वालियर किले से फूलबाग चौराहा, रामराजा मंदिर ओरछा, रनेह फाल खजुराहो, चौरागढ़ महादेव मंदिर पचमढ़ी और दुग्ध धारा अमरकंटक में रोपवे निर्माण किया जाएगा। नेशनल हाइवे लाजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड, एनएचएलएमएल के सहयोग से रोपवे का निर्माण कराया जाएगा।

### पहले चरण में महाकाल समेत यहां बनेंगे रोप-वे

उज्जैन रेलवे स्टेशन से श्री महाकाल मंदिर तक रोपवे निर्माण परियोजना में 199 करोड़ रुपये से 1.762 किलोमीटर लंबा रोप-वे बनाया जा रहा है। सागर जिले के टिकिटोरिया माता मंदिर पर फनिकुलर रेलवे स्टेशन तक रोपवे निर्माण परियोजना में 17.28 करोड़ रुपये से 15 मीटर लंबा रोपवे निर्मित किया जाएगा। जबलपुर के एमपायर स्टेडियम से गुरुद्वारा तक एवं सिविक सेंटर से बलदेव बाग तक रोप-वे निर्माण परियोजना के लिए प्री-फिजिबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है।

▶ प्रदेश में इस साल पराली जलाने के पिछले साल से 25 प्रतिशत ज्यादा मामले

# ये कैसी आग! सीएम के निर्देश के बाद प्रदेश में पराली जलाने के 6 हजार से ज्यादा मामले

## मुख्यमंत्री ने 24 अप्रैल को कहा था-पराली जलाई तो 6 हजार रुपए की किसान सम्मान निधि नही मिलेगी, एमएसपी पर फसल भी नहीं खरीदेंगे

**आईसीएआर की रिपोर्ट के मुताबिक 25 अप्रैल से 6 मई तक मप्र में पराली जलाने के 6,227 मामले, उप्र में 4,294, पंजाब में 1,568, हरियाणा में 678 और दिल्ली में 17 मामले सामने आए**

• भोपाल /



भोपाल के अमरावद खुर्द में खेतों में नरवाई जलते हुए।

खेतों में पराली (नरवाई) जलाने से रोकने के लिए सरकार की सख्ती काम नहीं आई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सख्त निर्देशों के बाद पिछले 12 दिन (25 अप्रैल से 6 मई तक) में प्रदेश में पराली जलाने के 6,227 मामले सामने आए हैं। यह पिछले साल के मुकाबले 25 प्रतिशत ज्यादा हैं। पिछले साल मप्र में इस अवधि में पराली जलाने के 4,193 मामले सामने आए थे।

दरअसल, फसल कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को नुकसान होता है। खेतों में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं और भूमि की उर्वरक क्षमता में कमी आती है। सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है, लेकिन पराली जलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अब पराली जलाने की घटनाएं रोकने के लिए सरकार ने सख्त निर्णय लिया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने 24 अप्रैल को कहा था कि खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। सरकार नरवाई जलाने पर प्रतिबंध लगा चुकी है। इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है, तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा और संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं करेंगे। इसके बाद भी प्रदेश में पराली जलाने के मामलों में कमी नहीं आई है। प्रदेश के दूरदराज के स्थानों को तो छोड़ दीजिए, भोपाल शहर के बीचों-बीच खेतों में धडल्ले से पराली जलाई जा रही है। पराली जलाने वाले किसानों को 6 हजार रुपए की सम्मान निधि नहीं मिलेगी या नहीं, और उनसे अगले साल एमएसपी पर फसल उपार्जन होगा या नहीं, यह बाद में पता चलेगा।

### पराली जलाने से रोकने सरकार ने यह किया

- 24 अप्रैल, 2025 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पराली जलाने वाले किसानों को सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं देने और अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल उपार्जन नही करने के निर्देश दिए।
- प्रमुख सचिव पर्यावरण डॉ. नवनीत मोहन कोठारी की अध्यक्षता में 4 अप्रैल को हुई बैठक में कहा गया कि कृषि विभाग द्वारा गेहूं की फसल की कटाई में उपयोग होने वाली मशीनों में रिपर/बेलर लगाना अनिवार्य किया जाए।
- मप्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने मार्च में जागरुकता अभियान के माध्यम से प्रदेश के किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अवगत कराने का निर्णय लिया गया। इस अभियान के लिए 8 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया था।
- 21 फरवरी को मप्र के कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा था कि राज्य में नरवाई जलाने की रोकथाम के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। किसानों को खेत में ही अवशेष प्रबंधन के लिए 42 हजार 500 से अधिक कृषि उपकरण भी वितरित किए गए हैं, जिससे नरवाई जलाने की प्रवृत्ति में कमी आई है।
- 20 नवंबर, 2024 को मुख्य सचिव अनुराग जैन ने निर्देश दिया था कि एक विशेष अभियान चलाकर और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार निर्धारित दंडात्मक उपायों को लागू करके शहरों के आसपास के क्षेत्रों में नरवाई जलाने से रोकने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं।

### पराली जलाने के मामले में मध्यप्रदेश सबसे ऊपर

भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर), नई दिल्ली की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदेश में 25 अप्रैल से 6 मई तक पराली जलाने के 6,227 मामले सामने आए हैं। पराली जलाने के सबसे ज्यादा 1930 मामले 25 अप्रैल को सामने आए। चार राज्यों- पंजाब, हरियाणा, उप्र और दिल्ली से मप्र की तुलना करें, तो पराली जलाने के मामले मे हमारा प्रदेश सबसे ऊपर है। उप्र दूसरे स्थान पर है। इस अवधि में उप्र में पराली जलाने के 4,294 मामले सामने आए। ऐसे ही पंजाब में 1,568 मामले, हरियाणा में 678 और दिल्ली में पराली जलाने के 17 मामले सामने आए हैं।

# पांच सौ फाइलें मंत्री आवास जाएंगी अनुमोदन के बाद मिलेगी मान्यता

**इसी सप्ताह लोक शिक्षण संचालनालय भेजेगा मंत्री के बंगले पर सभी फाइलें, द्वितीय अपील में सुनवाई**

• भोपाल /

प्रदेश के जिन निजी स्कूल संचालकों ने मान्यता के लिए दूसरी अपील में आवेदन किया, उन सभी पर विभाग मंत्री का अनुमोदन होगा।

इसके लिए अधिकारी सभी नस्तियां एजूकेशन मिनिस्टर के बंगले पर भेजने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि 15 जून के पूर्व यह प्रक्रिया कंपलीट हो सके। प्रदेश में तेरह सौ ऐसे निजी हायर और हाईस्कूल हैं, जिनकी संभागीय संयुक्त संचालकों ने मान्यता रद्द कर दी थी। तब इन सभी प्रकरणों को प्रथम अपील में लोक शिक्षण संचालनालय लाया गया था। इनमें से पांच सौ स्कूल ऐसे हैं जिन्होंने प्रथम अपील में समस्त दस्तावेजों के साथ आवेदन नहीं किया। तब इन्हें दूसरी अपील में मौका दिया गया था। 7 मई तक इसकी अंतिम तिथि रखी गई थी। इस अपील में सभी स्कूलों ने आवेदन किया, जिनका परीक्षण चल रहा है। इनमें यह देखा जा रहा है कि मापदंडों के अनुसार कौन-कौन सी कमियां हैं, उन्हें पूरा कराया जा रहा है।

विभाग नियमों के अनुसार विधिवत लैब, प्रयोगशाला, बालक एवं बालकों के मान से शौचालय, बच्चों के खेलकूद हेतु निर्धारित ग्राउंड, बेहतर कक्ष, टेबल-कुर्सियां जैसी जरूरतें शामिल हैं। जानकारी है कि अनेक स्कूल ऐसे हैं जो पिछले 20 साल से चल रहे हैं, लेकिन खेल मैदान नहीं हैं। स्कूल के लिए जितनी जमीन चाहिए वह व्यवस्था भी नहीं हो पाई है। ऐसी तमाम दिक्कतों ने परेशानियां खड़ी कर दी हैं।

### मंत्री अपीलीय समिति अध्यक्ष

संभागों से निरस्त होकर जो फाइलें आती हैं, उनका निराकरण राज्य स्तरीय अपील समिति में होता है। इस समिति के अध्यक्ष शिक्षा मंत्री स्वयं होते हैं। अधिकारियों के अनुसार प्रथम के बाद जो फाइलें द्वितीय अपील की लंबित हैं उनका समाधान तभी होगा जब मंत्री का अनुमोदन हो जाएगा। इस कारण सभी फाइलों को मंत्री आवास भेजा जा रहा है। इसी सप्ताह सभी फाइलें संचालनालय से चली जाएंगी।

**15 जून के पूर्व निराकरण जरूरी:** प्रदेश में 15 जून से राज्य में शिक्षा का नवीन सत्र प्रारंभ होने जा रहा है। लोक शिक्षण संचालनालय का कहना है कि इस तिथि से पहले दूसरी अपील में आए प्रकरणों का निराकरण जरूरी है क्योंकि 30 मई को शिक्षकों की छुट्टियां समाप्त हो रही हैं। 1 जून से शिक्षक स्कूल जाएंगे। इस कारण पहले ही दिन से प्रवेश भी होंगे। नतीजतन विभाग मई अंत तक सभी प्रकरणों का निराकरण कराना चाह रहा है।

# जीतू पटवारी पर 10 करोड़ की मानहानि का दावा

## बड़नगर तहसील में मंच से समाजसेवी पर लगाए थे गंभीर आरोप

• उज्जैन /



बड़नगर तहसील में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी को बीते दिनों समाजसेवी नारायण यादव पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया। समाजसेवी ने अधिवक्ता के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को 10 करोड़ का मानहानि का नोटिस भेजा है।

पटवारी ने कहा था कि भोलेनाथ की नगरी में नारायण टैक्स चल रहा है। इतना ही नहीं पटवारी ने यह भी कहा कि कोई भी व्यक्ति चाहे वह ठेकेदारी कर रहा हो या शराब का व्यवसाय सभी को नारायण टैक्स देना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए जो लोग होटल व्यवसाय का कार्य कर रहे हैं या होटल बनाने जा रहे हैं उन्हें भी 20 प्रतिशत नारायण टैक्स के रूप में अदा करना पड़ रहा है।

पटवारी ने यह भी कहा कि इंदौर में भी नारायण टैक्स की हवा आ रही है। वहां एक दयालु बाबा है, पहले उनका टैक्स लगता था। अब नारायण भैया ने खुद का नाम दयालु बाबा रख लिया है। मंच पर उपस्थित चेतन को संबोधित करते उन्होंने कहा कि एक वह दयालु था। जिसके साथ हिस्ट्रीशीटर के नाम आते हैं और एक नारायण टैक्स वाले उज्जैन के दयालु है, जो जब तक मोहन भैया को कुर्सी से नहीं हटा लेंगे दम नहीं लेंगे। इस मामले से आहत होकर समाजसेवी नारायण यादव जो कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के बड़े भाई भी हैं उन्होंने सीनियर एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा के माध्यम से 10 करोड़ की मानहानि का नोटिस पटवारी को भेजा है।

### सभी आरोप निराधार

नोटिस के माध्यम से समाजसेवी नारायण यादव के एडवोकेट वीरेंद्र शर्मा ने स्पष्ट लिखा है कि आपके इस कृत्य से मेरे पक्षकार को काफी हानि पहुंची है। नोटिस में साफ कहा गया कि आप स्वयं जो कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर आसीन है। उसके बावजूद आपने मेरे पक्षकार को टैक्स उगाई करने वाले व्यक्ति के रूप में भरी सभा में प्रचारित किया। आपके कृत्य से आपकी अपराधिक मनोदशा इंगित हो रही है। आप यह जानते थे कि जो कृत्य आप कर रहे हैं वह भारतीय न्याय संहिता की धारा 356 के अंतर्गत आता है जो कि एक दंडनीय अपराध है। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया कि जो अपराध आपने किया है उसके लिए मेरा पक्षकार सक्षम न्यायालय में उचित कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। साथ ही सार्वजनिक रूप से की गई टीका टिप्पणी, मानहानि कारक शब्दों के उच्चारण, सोशल साइट पर प्रशासन के लिए मेरे पक्षकार को तत्काल 10 करोड रुपए की राशि अदा की जाए।

**विशेषज्ञ बोले** कीटनाशकों के ज्यादा उपयोग का पर्यावरण और इंसानों पर बुरा असर

# मूंग में खरपतवार नाशकों को हतोत्साहित करना जरूरी

• भोपाल /

हरित क्रांति से हमारे देश ने खाद्यान्न उत्पादन में आत्म-निर्भरता हासिल कर ली है। आज मध्यप्रदेश देश की खाद्य सुरक्षा को सशक्त करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, अनाज के साथ-साथ दलहन के शीर्ष तीन उत्पादक राज्यों में मध्यप्रदेश एक है।

यहां के किसान न केवल अनाज, तिलहन और दलहन का उन्नत उत्पादन करते हैं। माइक्रो इरिगेशन, सुनिश्चित आवश्यक बिजली प्रदाय और सुलभ ऋण तक बेहतर पहुंच के कारण उच्च



मूल्य वाली उद्यानिकी फसलों की खेती से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, लेकिन हम समय के साथ नवीन समस्याओं का भी उदय देख रहे हैं, जिनका समाधान किया जाना भी आवश्यक है।

### फसल में बदलाव से पैदा हुई नई समस्याएं

जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के ग्वालियर वाइस चांसलर रहे प्रो. डॉ. विजय सिंह तोमर का कहना है आज मूंग की खेती का क्षेत्रफल तीन गुना से भी अधिक बढ़ गया है, लेकिन यह फसल गर्मियों में उगाई जाने लगी है। इसलिए इससे भू-जल स्तर का अत्यधिक दोहन लगातार हो रहा है। इसके अलावा गर्मी के मौसम में मूंग की अतिरिक्त सिंचाई से बिजली की खपत में भी वृद्धि होती है। किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन मूंग को जल्दी सुखाने के लिए खरपतवार नाशक पैराक्वेट एवं ग्लाइफोसेट का उपयोग किया जा रहा है, इससे फसल जल्दी पक जाती है। इसका दुष्प्रभाव वातावरण के साथ ही उत्पादित मूंग का सेवन करने वाले आमजन पर भी होता है। किसानों को खेती के लिए अधिक टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल पद्धतियों को अपनाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है कि ग्रीष्मकालीन मूंग जो प्राकृतिक रूप से पकता है, उसमें कीटनाशक एवं खरपतवार नाशक का उपयोग न के बराबर किया जाये।

# कर्मचारियों को मई के वेतन के साथ होगा बढ़े हुए महंगाई भत्ते का भुगतान

**कर्मचारियों के डीए में 5 प्रतिशत वृद्धि के आदेश जारी**

• भोपाल /

कैबिनेट की मंजूरी के 11 दिन बाद राज्य शासन ने प्रदेश के 7.50 लाख कर्मचारियों के महंगाई भत्ता (डीए) में 5 प्रतिशत वृद्धि के आदेश जारी कर दिए हैं। कर्मचारियों का डीए अब 50 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गया है।

**जून से अक्टूबर तक 5 समान किश्तों में दिया जाएगा डीए के 10 महीने का एरियर**

आदेशानुसार कर्मचारियों को बढ़े हुए डीए का भुगतान जून में मिलने वाले मई के वेतन के साथ होगा। कर्मचारियों को एक जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत डीए दिया जाएगा। इस तरह एक जुलाई 2024 से डीए की दर 53 प्रतिशत और एक जनवरी 2025 से 55 प्रतिशत हो जाएगी। जो कर्मचारी एक जुलाई 2024 से 31 मई 2025 की अवधि में सेवानिवृत्त/ मृत हो गए हैं, उन्हें/ नामांकित सदस्य को एरियर की राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाएगा। डीए में वृद्धि से कर्मचारियों को वेतन में 775 से 7050 रुपए तक का लाभ होगा। सरकार के इस निर्णय से सरकारी खजाने पर सालाना 2500 करोड़ रुपए का अतिरिक्त वित्तीय भार आएगा।

### पेंशनर्स को डीआर में वृद्धि के आदेश जारी

**भोपाल, प्रसं।** राज्य शासन ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की महंगाई राहत (डीआर) में सातवें वेतनमान में 3 प्रतिशत और छठे वेतनमान में 7 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने के आदेश जारी कर दिए हैं। आदेशानुसार सातवें वेतनमान में पेंशनर्स का डीआर 50 से बढ़कर 53 प्रतिशत और छठे वेतनमान में 239 से बढ़कर 246 प्रतिशत हो गया है। पेंशनर्स को बढ़े हुए डीआर का भुगतान एक मार्च, 2025 से किया जाएगा। 80 वर्ष आयु पूर्ण अथवा उससे अधिक आयु के पेंशनर्स को देय अतिरिक्त पेंशन पर भी महंगाई राहत देय होगी।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं संपादक सुनील वर्मा के लिए 1/4, परदेशीपुरा इन्दौर से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश इन्दौर से मुद्रित.
कार्पोरेट कार्यालय : 301, अरु प्लाजा एमजी रोड इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com